दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली रविवार 31 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 157 पेज -08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## राजस्थान के चूरू में आया रेतीला तूफान, दिन में दिखा रात सा अंधेरा



**बीकानेर।** राजस्थान से शनिवार को रेतीले तूफान की डराने वाली दो अलग-अलग जिलों से तस्वीर सामने आई है, पहली तस्वीर राजस्थान के चूरू जिले से सामने आई है, वहीं दूसरी तस्वीर बीकानेर जिले से सामने आई है. राजस्थान के चूरू और बीकानेर में शनिवार को बदले मौसम ने दिन में ही लोगों को रात अहसास करा दिया.

जानकारी के मुताबिक, राजस्थान के चूरू शनिवार की दोपहर एक अलग- अलग नजारा देखने को मिला है. चूरू में शनिवार दोपहर मौसम ने अचानक ऐसी करवट ली कि दिन में ही अंधेरा छा गया. तेज धूल भरी आंधी और धूल के विशाल बवंडर ने पूरे आसमान को ढक लिया, जिससे कुछ देर के लिए हालात रात जैसे नजर आने लगे.

**आंधी की वजह विजिबिलिटी, वाहनों की थमीं रफ्तार :** बताया गया कि शनिवार की दोपहर करीब दो बजे उठी तेज आंधी के कारण दृश्यता काफी कम हो गई. सड़कों पर चल रहे वाहनों की रफ्तार थम गई और वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर सफर करना पड़ा. धूल का गुबार इतना घना था कि कुछ मीटर की दूरी तक देख पाना भी मुश्किल हो गया. धूल के इस भयानक बवंडर की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो अपने आप में बेहद डराने वाली हैं.

# सूर्या चौहान का शव घर पहुंचते ही फूटा जनाक्रोश

## मां बोलीं, आरोपियों का एनकाउंटर होने तक नहीं हो अंतिम संस्कार

**हत्या पर सियासत**

**मायावती, केशव मौर्या, सुनील शर्मा, संजीव शर्मा, नंदकिशोर गुर्जर ने परिवार को दिया कार्रवाई का आश्वासन**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा थानाक्षेत्र के नवनीत विहार कॉलोनी में 17 वर्षीय छात्र सूर्या चौहान की हत्या के बाद शनिवार को माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे जैसे ही सूर्या का शव उसके घर पहुंचा, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और राजनीतिक प्रतिनिधि मौके पर एकत्र हो गए। मृतक की मां सरोज ठाकुर ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि जब तक सभी आरोपियों का एनकाउंटर नहीं किया जाता, तब तक वह अपने बेटे का अंतिम संस्कार नहीं होने देंगी। उन्होंने कहा कि उनके बेटे की बेहद बेरहमी से हत्या की गई है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भारी तनाव का माहौल है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने नवनीत विहार की ओर जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग कर दी है और कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई है। मौके पर डीसीपी ट्रांस हिंडन, एसीपी साहिबाबाद, एसीपी इंदिरापुरम समेत वरिष्ठ अधिकारी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। बताया जा रहा है कि ईद के दिन 11वीं कक्षा के छात्र सूर्या को उसके परिचित असद ने मिलने के बहाने बुलाया था। आरोप है कि वहां विवाद होने पर असद और उसके साथियों ने सूर्या पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सूर्या को पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई यश चौहान की तहरीर पर मुख्य आरोपी असद समेत अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।





## पुलिस ने तीन नामजद आरोपी किए गिरफ्तार

### तीन आरोपी हिरासत में, मुख्य आरोपी और सहयोगी अब भी फरार

करंट क्राइम। खोड़ा में छात्र सूर्या की हत्या के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मामले में अब तक पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है, जबकि मुख्य आरोपी और उसका एक सहयोगी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। इस संबंध में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी और उसके साथी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। शनिवार को क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मौके पर एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह, एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य व एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय सहित कई थानों की पुलिस देर रात तक क्षेत्र में मौजूद रही और स्थिति पर नजर बनाए रखी।

### दिनभर गूंजती रही गिरफ्तारी और एनकाउंटर की मांग

करंट क्राइम : सूर्या की हत्या को लेकर खोड़ा में लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। मृतक की मां ने आरोपियों के एनकाउंटर की मांग उठाई, जिसके बाद विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। दिनभर क्षेत्र में नारेबाजी होती रही और लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के साथ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि दोषियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे भविष्य में कोई इस प्रकार की घटना को अंजाम देने का साहस न कर सके। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस प्रशासन लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहा है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। वहीं पुलिस अधिकारियों का दावा है कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मृतक सूर्य चौहान के परिजनों से मिले भाजपा नेता अजय शर्मा



करंट क्राइम। खोड़ा में सूर्य चौहान की हत्या के मामले में भाजपा नेता एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में योगी सरकार है और पुलिस निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। अजय शर्मा ने परिवार से कानून व्यवस्था पर विश्वास बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें हर हाल में न्याय मिलेगा।

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य बोले, कातिलों को नहीं बख्शा जाएगा, आरोपी चाहे कोई भी हो



करंट क्राइम : खोड़ा कॉलोनी में बकरीद के दिन 11वीं कक्षा के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के मामले ने राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। घटना को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने प्रतिक्रिया दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि खोड़ा में युवक सूर्या चौहान की हत्या की घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है।

### पीड़ित परिवार से मिले विधायक नंदकिशोर गुर्जर, बोले - ऐसी कार्रवाई होगी जिसे सात पुश्ते याद रखेंगी

करंट क्राइम : लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दिल्ली के गाजीपुर श्मशान घाट पहुंचकर सूर्या के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। विधायक ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। श्मशान घाट पर मौजूद लोगों के बीच विधायक ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड के आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाई होगी जिसे सात पुश्तें याद रखेंगी। ईद के दिन हुई इस हत्या को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश बना हुआ है। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार अपराध और अपराधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर काम कर रही है।



### बख्शे नहीं जाएंगे सूर्या के आरोपी: विधायक संजीव शर्मा

करंट क्राइम : खोड़ा क्षेत्र में युवा सूर्य प्रताप की हत्या के मामले में भाजपा के सरद विधायक संजीव शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना को अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक बताया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। संजीव शर्मा ने कहा कि इस घटना से वह स्वयं बेहद व्यथित हैं और परिवार के साथ पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार ऐसी घटनाओं को लेकर गंभीर है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पुलिस कमिश्नर से बातचीत हो चुकी है। सरकार और पुलिस प्रशासन मामले में सख्त कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना का संज्ञान लिया है और जल्द ही पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सकते हैं। संजीव शर्मा ने क्षेत्रवासियों और परिजनों से शांति एवं संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



### खोड़ा में युवा सूर्य प्रताप की नृशंस हत्या अत्यंत दु:खद एवं निंदनीय : राम अवतार जिंदल



करंट क्राइम : खोड़ा क्षेत्र में युवा सूर्य प्रताप की नृशंस हत्या का समाचार अत्यंत पीड़ादायक, हृदय विदारक एवं समाज को झकझोर देने वाला है। इस जघन्य अपराध की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। ऐसी घटनाएं सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। मैं प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत सूर्य प्रताप की पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति दें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस इस हत्याकांड की निष्पक्ष, त्वरित एवं प्रभावी जांच कर दोषियों को कानून के अनुसार कठोरतम दंड दिलाने का कार्य करेगी। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। इस दु:ख की घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं एवं सहानुभूति शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

### दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

करंट क्राइम : खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में युवा सूर्य प्रताप की हत्या के मामले में क्षेत्रीय विधायक और यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए घटना को अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक बताया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। विधायक सुनील शर्मा ने कहा कि वह इस घटना को लेकर बेहद गंभीर हैं और वर्तमान में लखनऊ में रहते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों तथा गृह विभाग को पूरे प्रकरण से अवगत करा दिया है। उन्होंने बताया कि मामले की लगातार निगरानी की जा रही है और वह अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में ऐसी जघन्य घटनाएं किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। दोषी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और उन्हें उनके अपराध के अनुरूप सजा दिलाई जाएगी, ताकि समाज में एक स्पष्ट संदेश जाए। सुनील शर्मा ने क्षेत्रवासियों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई नहीं बरती जाएगी और दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द सभी आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



## सुल्लामल रामलीला की चुनावी कहानी में आ गया है ट्विस्ट

### चुनाव कराएंगे कुष्ठ अधिकारी और पदाधिकारी सौंप आए हैं डिप्टी रजिस्ट्रार को लिस्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुल्लामल रामलीला की कहानी में लगातार ट्विस्ट आ रहे हैं। पहले कमेटी ने चुनाव की घोषणा की और शरद गर्ग को चुनाव अधिकारी तथा वीरेंद्र कुमार वीरो बाबा को सह चुनाव अधिाकरी घोषित कर दिया। चुनाव की तैयारी शुरू हुई और कमेटी ने सदस्यता अभियान के नवीनीकरण की घोषणा कर दी। सदस्यों की रसीद कटनी थी और यहां पर फाउल ये हो गया कि चुनाव अधिकारी ही रसीदें काटने लगे। वीरो बाबा ने कई सदस्यों की रसीद काटी, उनका नवीनीकरण शुल्क जमा किया और इन रसीदों पर वीरो बाबा के हस्ताक्षर भी हैं। कई रसीदों पर वीरेंद्र कुमार, कई पर वीके और अन्य हस्ताक्षर भी हैं। हालांकि यह कोई बड़ा फाल्ट नहीं है क्योंकि जो काम अध्यक्ष, महामंत्री या कोषाध्यक्ष को करना था वो काम एक ऐसे व्यक्ति के करकमलों से हो गया जो स्वयं सह चुनाव अधिकारी हैं। बहरहाल चुनाव की बेला आई और ऐन मौके पर खेला हो गया। एक फोन आया और फिर चुनाव अधिकारी ने अपरिहार्य कारणों से चुनाव स्थगित करने का नोटिस चस्पा कर दिया। इसी बीच एक बैठक हुई जिसमें समिति के 50 से अधिक सदस्य मौजूद थे और इस बैठक में अजय कुमार बंसल, सुधीर गोयल मोनू, नरेश अग्रवाल का पैनल घोषित हो गया। कहानी में फिर मोड़ आया और जिला कुष्ठ अधिकारी जिन्हें रामलीला का चुनाव कराने के लिये चुनाव अधिकारी नामित किया गया है उन्होंने रामलीला नोटिस बोर्ड पर नोटिस चस्पा कर दिया। अब नया ट्विस्ट ये है कि रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने डिप्टी रजिस्ट्रार को मेंबर वाली लिस्ट सौंप दी है। अब चुनाव की रणभेरी बज गई है और चुनाव होना है। कमेटी के पदाधिकारी भी ये कह रहे हैं कि चुनाव तो होगा ही होगा लिस्ट सौंप दी गई है और हम चुनाव के लिये तैयार हैं।

### किस पूर्व पदाधिकारी पर हो गया लीगल तकाजा जारी



रामलीला की कहानी में मोड़ आ गया है। सूत्र बताते हैं कि एक पूर्व पदाधिकारी रामलीला को छोड़कर चले गये थे। अब इन पूर्व पदाधिकारी पर चार लाख 850 रुपए का नोटिस जारी हुआ है। ये नोटिस शरद शर्मा एडवोकेट की तरफ से जारी किया गया है। वकील की तरफ से जारी लीगल तकाजे में पूर्व पदाधिकारी से चार लाख 850 रूपए का हिसाब मांगा गया है। रामलीला कमेटी के सूत्र बताते हैं कि विगत वर्षों के हिसाब का अवलोकन करने के बाद ये पता चला कि पूर्व में पदाधिकारी रह चुके व्यक्ति को ये नोटिस जारी किया गया है। आरोप ये है कि उन्होंने इस धनराशि का हिसाब नहीं दिया है। अब ये नोटिस भेजा गया है और इस नोटिस के बाद तकाजे वाला एक नया एंगल आ गया है।

### रामलीला कमेटी में तीन पैनल का सीन

चुनाव 300 से कम वाली लिस्ट पर होना है। सहमति की बात चल रही है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि कोई सहमति नहीं है। यहां तीन पैनल चुनाव लड़ने के लिये तैयार हैं। यहां पर एक टीम वो है जो घोषित हो चुकी है, इस टीम में विनय सिंघल, नरेश अग्रवाल, सुधीर गोयल मोनू, अजय बंसल, संजीव मित्तल साजू, अनिल चौधरी के नाम हैं। वहीं जो बी टीम है, उस टीम में मुनींद्र आर्य, मिथिलेश कुमार, विनय सिंघल सीताराम ज्वैलर्स, सुमित गर्ग सुल्लामल वाले, अनिल अग्रवाल हरियाणा पाइप वाले का नाम है। वहीं यहां पर तीसरी एंट्री प्रेमचंद गुप्ता की बताई जा रही है। प्रेमचंद गुप्ता के पैनल में रमेश मंगल, आशीष कृष्ण का नाम सुनाई दे रहा है। वैसे पूरा सीन नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही क्लीयर हो जाएगा।

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस : वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद शर्मा 'गणेश शंकर विद्यार्थी सेवा सम्मान-2026' से विभूषित

**सम्मान समारोह**

**इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया**







**नोएडा, करंट क्राइम।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के शुभ अवसर पर पत्रकारिता जगत की एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद शर्मा को उनकी दीर्घकालीन और उत्कृष्ट पत्रकारिता सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित 'गणेश शंकर विद्यार्थी सेवा सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया है। इस गरिमामयी समारोह का आयोजन नोएडा प्रेस क्लब और हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के संयुक्त तत्वावधान में नोएडा के क्लब 27 में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकारों और साहित्यकारों का भी सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त मंत्री) कैप्टन विकास गुप्ता और सलाहकार संपादक व वरिष्ठ पत्रकार विनोद अग्निहोत्री ने अपने हाथों से प्रमोद शर्मा को यह गौरवशाली सम्मान प्रदान किया। अतिथियों ने प्रमोद शर्मा के निर्भीक और जनसरोकार से जुड़े पत्रकारीय सफर की जमकर सराहना की।

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के इस विशेष मंच पर समसामयिक पत्रकारिता और सामाजिक मूल्यों पर गंभीर मंथन हुआ। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित गणमान्य वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए, जिनमें शामिल रहेः मोहम्मद आजाद (अध्यक्ष, नोएडा प्रेस क्लब), निर्मेश त्यागी (महामंत्री, नोएडा प्रेस क्लब), सुनीता सोनू (प्रसिद्ध साहित्यकार), यादवेन्द्र याद (साहित्यकार), एस.एस. अवस्थी, सुरेश चौधरी।

वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी के नाम पर मिलने वाला यह सम्मान पत्रकारिता की शुचिता और ईमानदारी का प्रतीक है, जिसे प्रमोद शर्मा जैसे वरिष्ठ साथियों को देकर इस सम्मान की गरिमा और बढ़ी है। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



# केंद्रीय गृह मंत्री की भुज में सीमा सुरक्षा की समीक्षा

## घुसपैठ रोकने के लिए कई मोर्चों पर नाकेबंदी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 30 मई को गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा से लगे सीमावर्ती और तटीय जिलों की सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमा प्रबंधन को अधिक सुदृढ़ और व्यापक बनाना था। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया और राज्य सरकार, विशेषकर जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



स्थानीय प्रशासन को हर सीमावर्ती जिले की चुनौतियों और जरूरतों के आधार पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का निर्देश दिया गया। इन एसओपी में पहले से बसे घुसपैठियों, ड्रोन गतिविधियों और नार्को तस्करी की पहचान सुनिश्चित करने को कहा गया। शाह ने कहा कि हर जिले में सुरक्षा समन्वय समूह बनाए जाएं। इन समूहों में सीमा सुरक्षा बल, तटरक्षक बल, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और अग्रणी बैंक के प्रबंधक शामिल हों। यह कदम सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा को मजबूत करेगा। गृह मंत्री ने आर्थिक अपराधों से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयकर, धन शोधन और सीमा शुल्क कानूनों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सीमा रेंज के महानिरीक्षक की होनी चाहिए। सीमावर्ती जिलों में हवाला लेनदेन, म्यूल खाते, शेल कंपनियों और संदिग्ध वाहनों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। जीएसटी संग्रह पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। आर्थिक अपराध से निपटने वाली एजेंसियों को सीमा क्षेत्रों के बारे में कड़ाई से सूचित किया जाए। शाह ने आयकर विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक को मिलकर सर्वे की बड़ी मुहिम चलाने का निर्देश दिया। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा से निकटता को देखते हुए तटीय सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। भारतीय तटरक्षक बल के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने जीवंत ग्राम कार्यक्रम के साथ-साथ केंद्र सरकार और राज्य सरकार की हर योजना का सीमांत गांवों में 100 फीसदी कवरेज सुनिश्चित करने को कहा।

### सीमा से 15 किमी क्षेत्र में हर अनधिकृत अतिक्रमण हटाने का निर्देश

शाह ने कहा कि गुजरात के सुरक्षा परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है। बॉर्डर फेंसिंग, समुद्री सीमा सुरक्षा और राज्य सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण राज्य में घुसपैठ और सीमा पर तस्करी पूरी तरह बंद हो गई है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा के शून्य से 15 किलोमीटर क्षेत्र में हर अनधिकृत अतिक्रमण के प्रति शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण अपनाने को कहा। ऐसे सभी अतिक्रमणों को समाप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिलाधिकारी को जनसांख्यिकी परिवर्तन की सख्त निगरानी और नियमित रिपोर्टिंग करने का निर्देश दिया। पहले से बसे घुसपैठियों को वापस भेजने के लिए पुलिस स्टेशन से लेकर पटवारी तक सभी को एकजुट होकर काम करने को कहा।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया कांवड़ समिति का पुनर्गठन, कपिल मिश्रा बने अध्यक्ष




**समिति का मुख्य फोकस रूट मैनेजमेंट, वॉटरप्रूफ टेंटों की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, 24 घंटे निर्बाध बिजली-पानी की आपूर्ति और सुरक्षा चाक-चौबंद रखने पर होगा**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आगामी कांवड़ यात्रा के लिए कांवड़ समिति का पुनर्गठन किया है। दिल्ली सरकार के संस्कृति व कानून मंत्री कपिल मिश्रा को इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच विधायकों को बतौर सदस्य इसमें शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार इस बार भी शिवभक्तों के लिए सम्मानजनक व बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करेगी। इसके लिए कांवड़ शिविरों को विशेष सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री के अनुसार कपिल मिश्रा कांवड़ समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि विधायक अजय महावर, अनिल शर्मा, करनैल सिंह, संजय गोयल व उमंग बजाज को समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कांवड़ यात्रा केवल एक पारंपरिक धार्मिक आयोजन मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अटूट सामाजिक समरसता और जनआस्था का एक विराट महोत्सव है। उन्होंने कहा कि सावन माह में दिल्ली की सड़कों पर उमड़ने वाला शिवभक्तों का सैलाब देश की सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करता है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार के लिए कांवड़ व्यवस्थाएं अब सिर्फ कागजी प्रशासनिक कामकाज नहीं रह गई हैं, बल्कि यह पूरी व्यवस्था दिल्ली में सेवा, श्रद्धा और सम्मान का एक अनूठा प्रतीक बन चुकी है। सरकार का मुख्य ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने वाले हर एक शिवभक्त (कांवड़िए) को अतिथि के रूप में देवतुल्य सम्मान और श्रेष्ठ सुविधाएं मिलें।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि अध्यक्ष कपिल मिश्रा के नेतृत्व में यह नवगठित समिति जल्द ही दिल्ली के सभी डीएम, दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। समिति का मुख्य फोकस रूट मैनेजमेंट, वॉटरप्रूफ टेंटों की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, 24 घंटे निर्बाध बिजली-पानी की आपूर्ति और सुरक्षा चाक-चौबंद रखने पर होगा, ताकि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी यात्रा निर्विघ्न और अभूतपूर्व रूप से संपन्न हो सके।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार ने शिवभक्तों की सेवा के लिए पिछले वर्षों की तुलना में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक व्यवस्थाएं की थीं। वर्ष 2024 में जहां राजधानी में केवल 170 कांवड़ शिविरों को मंजूरी मिली थी, वहीं वर्ष 2025 में सरकार द्वारा दी गई आसान मंजूरियों के चलते रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई और पूरी दिल्ली में कुल 374 पंजीकृत कांवड़ शिविर लगाए गए। इन शिविरों को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार ने पुरानी टेंडर प्रथा को खत्म कर सीधे बैंक खातों में (डीबीटी के माध्यम से) 50,000 रुपये से लेकर अधिकतम 11 लाख रुपये तक की पारदर्शी आर्थिक सहायता प्रदान की, जिसका 50 प्रतिशत हिस्सा आयोजन से पहले ही एडवांस के रूप में जारी कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, समितियों पर वित्तीय बोझ कम करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार द्वारा प्रत्येक पंजीकृत शिविर को 1,200 यूनिट तक मुफ्त बिजली और अस्थाई मीटर के सिक्योरिटी डिपॉजिट में 75 प्रतिशत की छूट भी दी गई थी।

# नौतपा के बीच बदला मौसम, दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी के बाद बरसे बदरा; गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में नौतपा के बीच शनिवार दोपहर में मौसम अचानक से बदल गया। सुबह से आसमान में धूप छाई हुई थी। लेकिन दोपहर होते होते आसमान में बादल छाने लगे। जिसके बाद अचानक से मौसम बदल गया और पहले तेज हवाएं चलने लगीं।

दिल्ली से सटे गुरुग्राम शहर में दोपहर के वक्त धूलभरी आंधी चलने लगी। साथ तेज हवाएं 40 से 80 किमी/घंटा की रफ्तार से चलने गी। वहीं दूसरी तरफ नोएडा में भी अचानक से मौसम बदल गया। आसमान में बादल छाने के कुछ देर बाद ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। सड़कों पर लोग बारिश से बचने के लिए जगह जगह खड़े हो गए।

### दो दिन बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को चेतावनी देते हुए बताया था कि अगले दो दिनों तक हल्की बारिश और बादलों के छाए रहेंगे। जिसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया था। अगले दो दिन तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। दूसरी ओर, शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान भी 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में यह 4.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। यह लगभग 12 दिन बाद इतना नीचे आया है।

### चार जून तक दोबारा 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जाएगा पारा

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक हल्की बारिश की संभावना जताई है। एक जून के बाद आसमान साफ रहेगा। इसके साथ ही पारा बढ़ने की संभावना है। अनुमान है कि 4 जून तक पारा 40 से 42 डिग्री पहुंच सकता है।

दिल्ली में बढ़ते धूल और निर्माण प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकार अब तकनीक आधारित सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करने जा रही है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) जल्द ही डस्ट पोर्टल 2.0 लॉन्च करेगी, जिसके जरिए राजधानी की निर्माण साइटों पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी। एआई कैमरे, पीएम 2.5 व पीएम 10 सेंसर और क्यूआर




कोड आधारित सिस्टम के माध्यम से न केवल नियमों का उल्लंघन करने वाली साइटों की पहचान होगी, फील्ड अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संकेत दिए कि अब प्रदूषण नियंत्रण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा और लापरवाही पर सीधे कार्रवाई होगी। सरकार का मानना है कि धूल प्रदूषण को रोकने के लिए पारंपरिक निगरानी व्यवस्था अब प्रभावी नहीं रह गई है। इसी कारण नए पोर्टल को पूरी तरह एआई आधारित बनाया गया है। बड़े निर्माण स्थलों पर लगाए गए कैमरे और सेंसर लगातार डेटा कंट्रोल रूम तक भेजेंगे। यदि किसी साइट पर धूल का स्तर तय सीमा से ऊपर पहुंचता है तो सिस्टम स्वतः संबंधित अधिकारियों को अलर्ट जारी करेगा।

### ऐसे होगी निगरानी

डस्ट पोर्टल 2.0 निर्माण स्थलों पर डस्ट नेट, एंटी-स्मॉग गन और पानी के छिड़काव जैसी जरूरी व्यवस्थाओं की भी निगरानी करेगा। जिन साइटों पर ये इंतजाम नहीं पाए जाएंगे, वहां तुरंत नोटिस जारी कर दंडात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### तीन स्तर का होगा अलर्ट सिस्टम

सरकार ने निगरानी के लिए तीन स्तर का अलर्ट सिस्टम तैयार किया है। शुरूआती उल्लंघन पर येलो अलर्ट जारी होगा। ऑडिट में गंभीर अनदेखी मिलने पर ऑरेंज अलर्ट सक्रिय किया जाएगा, जबकि गंभीर स्थिति में रेड अलर्ट जारी कर संबंधित एजेंसियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य प्रदूषण बढ़ने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि शुरूआती स्तर पर ही रोकथाम सुनिश्चित करना है।

# सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी पर हमला, चोर-चोर के लगे नारे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी को शनिवार को सोनारपुर दौरे के दौरान स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान कुछ लोगों ने कथित तौर पर उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। वह चुनाव बाद हुई हिंसा के एक पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे।




अभिषेक बनर्जी पर कुछ अज्ञात लोगों ने पत्थर, जूते और अंडे फेंके। आरोप है कि कुछ लोगों ने उन पर लात-घूंसे चलाने की भी कोशिश की। इस दौरान भीड़ ने उनके खिलाफ 'चोर-चोर' के नारे लगाए। यह पहली बार है जब एक ऐसे राजनेता के खिलाफ सार्वजनिक नाराजगी खुलकर सामने आई, जिन्हें एक महीने पहले तक पश्चिम बंगाल की सियासत की ताकत का केंद्र माना जा रहा था।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 25 दिन बाद यह अभिषेक बनर्जी का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। वह सोनारपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 9 स्थित विवेकानंदनगर इलाके में चुनाव बाद हिंसा के कथित पीड़ित संजू कर्मकार के परिवार से मिलने पहुंचे थे। उनके इस दौरे की घोषणा शुक्रवार रात को की गई थी।

बंगाल में सत्ता परिवर्तन से पहले तक अभिषेक बनर्जी को जेड-प्लस सुरक्षा मिली हुई थी। बनर्जी जैसे ही अपनी गाड़ी से बाहर निकले, लोगों ने उनका स्वागत 'चोर-चोर' के नारों से उनका स्वागत किया। एक स्थानीय महिला ने कहा, वह यहां क्यों आए हैं? शायद पैसे लेने आए हैं। जब डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या हुई थी, तब वह पानीहाटी क्यों नहीं गए?

अभिषेक बनर्जी सुरक्षाकर्मियों के साथ कर्मकार परिवार के घर में दाखिल हुए। भीड़ के आक्रामक होने पर सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पुलिस का हेलमेट पहनाकर घर के अंदर पहुंचाया। इस दौरान उनकी शर्ट भी फट गई थी।

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा, यह सब भाजपा प्रायोजित है। देखिए इन्होंने क्या किया है। यही इनकी लोकतंत्र की मिसाल है। अभी एक महीना भी नहीं हुआ है और पुलिस कहीं नजर नहीं आ रही है। अभिषेक बनर्जी ने मीडिया से कहा, वे मुझे मारना चाहते हैं। मैं यहां से नहीं जाऊंगा और न ही इस परिवार को छोड़ूंगा, जब तक प्रशासन कार्रवाई नहीं करता। आप देख सकते हैं कि यहां कोई अधिकारी मौजूद नहीं है। पूरी घटना वीडियो में रिकॉर्ड हुई है। मैं इस मामले को राज्यपाल और हाईकोर्ट के संज्ञान में लाऊंगा। उन्होंने अपने साथ मौजूद लोगों को अधिकारियों को फोन करने, व्हाट्सएप संदेश भेजने और जवाब न मिलने पर उसके स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

टीएमसी सांसद ने कहा, अगर मेरे साथ तैनात दो सुरक्षा अधिकारी यह घटना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को बता रहे हैं, फिर भी कोई बल मौके पर नहीं पहुंच रहा है, तो साफ है कि उच्च अधिकारी इस पूरी घटना को जारी रखना चाहते हैं और राज्य सरकार की ओर से इसे रोकने की कोई कोशिश नहीं हो रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जैसे यहां एक मौत हुई है, वैसे ही 2-4 और मौतें हों, तभी उन्हें चैन मिलेगा। उन्हें जो करना है करने दो। हमारे पास सब कुछ रिकॉर्ड है। हम अदालत जाएंगे। मैं इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाऊंगा।

उन्होंने आगे कहा, उन्होंने ईंट फेंकी, अंडे फेंके और पत्थरबाजी की। मुझे बताइए यह क्या है। आसपास खड़े सभी लोग, इलाके के लोग वे अभी भी हमसे मिल रहे हैं और प्यार व सम्मान से हमारा स्वागत कर रहे हैं। जाकर पूछिए कि यहां हंगामा कौन कर रहा है। हमारे पास पूरे वीडियो सबूत हैं।

# नोएडा में बड़ा हादसा: स्पार्क मिंडा कंपनी में भीषण आग, मची अफरा-तफरी दूर तक दिखाई दिया धुएं का गुब्बार



**नोएडा।** सेक्टर 59 स्थित मिंडा कंपनी में शनिवार शाम को भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद कंपनी के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस घटना में कुछ लोग चोटिल भी हुए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की गई। आधे दर्जन से अधिक दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मी आग बुझाने के काम में तेजी से जुटे हुए हैं।

फिलहाल, आग पर काबू पाने के प्रयास लगातार जारी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुछ एंबुलेंस भी मौके पर बुलाई गई हैं। चोटिल लोगों को प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### आग से कंपनी में मची भगदड़

शनिवार शाम को मिंडा कंपनी में अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते फैल गई। कंपनी के भीतर मौजूद कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। आधे दर्जन से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं।

# बरेली में डॉक्टर-नर्स समेत तीन गिरफ्तार डेढ़ साल में दो बच्चे बेचे; कई जिलों में नेटवर्क

**बरेली।** बरेली में आंवला थाना पुलिस ने गांव मनौना स्थित श्याम मंदिर से डेढ़ वर्षीय बच्चे को अगवा करने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्हें कोर्ट ने जेल भेज दिया है। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने शनिवार को तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।



एसपी दक्षिणी ने बताया कि बदायूं, बरेली के साथ लखीमपुर व सीतापुर के लोग गिरोह में शामिल थे, जो बच्चे चोरी करके निसंतान दंपतियों को बेचते थे। कुल छह सदस्य अब तक गिरफ्तार हो चुके हैं। एसपी ने बताया कि संजय कुमार विश्वास मूल रूप से पश्चिम बंगाल का निवासी व कई साल से सीतापुर के महोली थाने के उलदौली में रहकर अस्पताल चला रहा था। वह खुद को डॉक्टर बताता था पर उसकी बीएचएमएस की डिग्री को लेकर अभी असमंजस है। लखीमपुर खीरी के थाना मैगलगंज के गांव भगवतीपुर निवासी केशवराम इंटर पास है लेकिन वह भी निजी क्लीनिक चला रहा था। इनके अलावा बच्चों की तस्करी व खरीद-फरोख्त में मुख्य भूमिका सीता की रही है। सीता बदायूं के दातागंज थाने के गाजीपुर गांव निवासी मनोज चौहान की पत्नी है और फिलहाल मीरगंज के गांव रसूलपुर में रह रही है।

सीता जिले के एक नामी मेडिकल कॉलेज में नर्स है और पूर्व में जेल भेजे गए लखीमपुर खीरी निवासी उत्तम वाजपेयी व उक्त लोगों के साथ मिलकर बच्चा चोरी का रैकेट चला रही थी। इन्होंने स्वीकार किया है कि डेढ़ साल में ये लोग दो बच्चों को चोरी करके पांच-पांच लाख रुपये में बेच चुके हैं। मनौना से जिस बच्चे को अगवा किया, वह इनका तीसरा शिकार था। पूछताछ में संजय कुमार विश्वास और केशवराम उर्फ मंजेश ने बताया कि वे उत्तम वाजपेयी के साथ बच्चों की खरीद-फरोख्त करते थे। उन्होंने उत्तम को पहले भी बच्चे दिए थे, जिन्हें उत्तम अपने साथियों योगेश और पवन के साथ सीता को बेच देता था। उत्तम उन्हें हर बच्चे के लिए एक लाख बीस हजार रुपये देता था। उत्तम भीड़भाड़ वाली जगहों, अस्पतालों या मंदिरों से बच्चों का अपहरण करता था।

# फरार टीएमसी नेता के ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी, भारी मात्रा में नकदी और सोना जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले की पुलिस ने शनिवार को बताया कि अवैध रेत खनन के आरोपी और फरार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता के घर पर तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी और सोना बरामद किया गया है।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि फरार टीएमसी नेता लबन शेख के घर से 49.75 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने उनके घर से 503 ग्राम सोने के आभूषण भी जब्त किए हैं। लबन के कारोबारी साझेदार शमीम शेख को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

लबन का एक अन्य कारोबारी साझेदार सोहेल शेख भी फरार है। पुलिस लबन शेख और सोहेल शेख दोनों की तलाश कर रही है और जिले के सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है। जानकारी के अनुसार, ये तीनों आरोपी अवैध रेत खनन के अलावा सड़क निर्माण के ठेकों के कारोबार में भी शामिल थे।

### अनुब्रत मंडल के करीबी माने जाते हैं तीनों आरोपी

तीनों आरोपी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल के करीबी माने जाते हैं। एक समय बीरभूम जिले में उनकी पकड़ काफी मजबूत मानी जाती थी।

इस बीच, एक अन्य मामले में उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट जिला पुलिस ने बसीरहाट नगरपालिका के वार्ड नंबर 21 के टीएमसी पार्षद गोपाल दास को गिरफ्तार किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने लोगों को पश्चिम बंगाल सरकार की आवास योजना 'बांग्लार बाड़ी' के तहत घर दिलाने का वादा कर उनसे पैसे वसूले। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई लोगों ने गोपाल दास को नकद रकम दी थी, लेकिन उन्हें योजना के तहत घर नहीं मिला। हाल ही में कथित रूप से ठगी के शिकार लोगों ने उनके घर के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया था।एक अन्य घटना में, दक्षिण 24 परगना जिले की पुलिस ने शनिवार तड़के राजपुर-सोनारपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 32 के टीएमसी पार्षद बरुण सरकार को गिरफ्तार किया।

# डीके शिवकुमार चुने गए विधायक दल के नेता तीन जून को लेंगे कर्नाटक के नए सीएम पद की शपथ



**कर्नाटक।** कर्नाटक की राजनीति में बड़े बदलाव के बीच डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। शपथ ग्रहण की तारीख से लेकर नए मंत्रिमंडल के गठन और संभावित उपमुख्यमंत्रियों तक, सरकार के गठन को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं।

डीके शिवकुमार चुने गए विधायक दल के नेता

बंगलूरू के विधान सौधा में कांग्रेस विधायक दल यानी सीएलपी की बैठक संपन्न हो गई। कर्नाटक कांग्रेस के मुताबिक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहला प्रस्ताव रखा, जिसमें कहा गया कि नए सीएलपी नेता का फैसला कांग्रेस नेतृत्व करेगा। इस प्रस्ताव का समर्थन डॉ. जी. परमेश्वर ने किया। बैठक में इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक के दौरान कांग्रेस विधायक दल ने सिद्धारमैया की सेवाओं की भी सराहना की। पार्टी और कर्नाटक की जनता के लिए उनके विशेष योगदान को याद करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया। कर्नाटक में नई सरकार के गठन के बीच कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार के ज्योतिषी आराध्य ने दावा किया है कि उन्होंने शिवकुमार को 3 जून को शाम 5:15 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की सलाह दी है। कर्नाटक में नई सरकार के गठन को लेकर जारी राजनीतिक गतिविधियों के बीच कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला आज बंगलूरू पहुंच गए। सिद्धारमैया की भविष्य की राजनीतिक भूमिका पर बोलते हुए जारकीहोली ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें राज्यसभा सीट की पेशकश की थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया राज्य की राजनीति में सक्रिय बने रहना चाहते हैं और उनका लक्ष्य 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाना है।

कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार आज राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात के बाद अपने आवास लौट आए। उन्होंने दिन में लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल से भेंट की थी। सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात नई सरकार के गठन और संभावित शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के संदर्भ में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के बीच डीके शिवकुमार को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाएं तेज हैं।

### डीके शिवकुमार ही होंगे कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री- सतीश जारकीहोली

कांग्रेस नेता सतीश जारकीहोली ने स्पष्ट कहा है कि डीके शिवकुमार ही राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे के बाद इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं रह गया है। जारकीहोली ने कहा, हाईकमान ने फैसला कर लिया है कि डीके शिवकुमार हमारे अगले मुख्यमंत्री होंगे। इसकी घोषणा पहले ही हो चुकी है। सिद्धारमैया भी इसका एलान कर चुके हैं। हमें उम्मीद है कि सिद्धारमैया सरकार के दौरान हुए अच्छे काम आगे भी जारी रहेंगे। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और हमारे नए मुख्यमंत्री इसे निभाएंगे।

# जश्न बना श्मशान: पार्टी में न आने का खौफनाक 'इनाम' ट्रैक्टर से चचेरे भाई का रौंदा, फिर चाचा ने खुद भी दी जान

**महोबा।** महोबा जिले के खरका गांव में बेटी की शादी के बाद बृहस्पतिवार को आयोजित पार्टी में परिवार के लोगों के न आने से नाराज पिता ने अपने चचेरे भाई और भतीजे को ट्रैक्टर से कुचल दिया। घटना में चचेरे भाई की मौके पर ही मौत हो गई वहीं भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। इसके बाद शुक्रवार की दोपहर आत्मग्लानि में आरोपी ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। खरका निवासी पुन्ना प्रजापति के बेटे संदीप (28) की बेटी का 28 मई को जन्मदिन था।




रात करीब 11 बजे इसकी पार्टी चल रही थी। परिजन और रिश्तेदार डीजे पर नाच रहे थे। इसी दिन संदीप के चाचा विश्वमूर्ति प्रजापति (46) ने भी शादी के बाद बेटी के घर आने पर पार्टी आयोजित की थी। परिवार के लोग उसके घर न आकर संदीप की पार्टी में शामिल हुए थे।

### ट्रैक्टर लेकर आया, भतीजे और चचेरे भाई को कुचल दिया

इससे नाराज विश्वमूर्ति शराब के नशे में संदीप के घर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। लोगों ने उसे समझा-बुझाकर वहां से हटा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद विश्वमूर्ति ट्रैक्टर लेकर आया और उसने दरवाजे के सामने खड़े भतीजे संदीप और चचेरे भाई मंगल प्रजापति (50) को कुचल दिया। ट्रैक्टर का पहिया चढ़ने से मंगल की मौके पर ही मौत हो गई। संदीप को गंभीर हालत में परिजन जिला अस्पताल ले गए जहां से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ट्रैक्टर लेकर भाग गया। इसके बाद शुक्रवार की दोपहर 12 बजे विश्वमूर्ति का शव रामपाल सिंह के खेत में बने मकान के अंदर रस्सी के फंदे से लटका मिला।

वहीं मृतक मंगल की पत्नी मुन्नीदेवी ने बताया कि विश्वमूर्ति ने परिवार के ही एक व्यक्ति की पत्नी को अपनी पत्नी के रूप में रख लिया था। इसी बात को लेकर लंबे समय से परिवार में विवाद और दूरी बन गई थी। परिवार के लोग उसके यहां होने वाले कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते थे।

इसी के कारण बृहस्पतिवार की रात परिवार के लोग विश्वमूर्ति के घर न जाकर उसके घर आए थे। उधर मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। थानाध्यक्ष सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच कराई जा रही है। आरोपी ने भी आत्महत्या की है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। विश्वमूर्ति की बेटी संध्या की शादी सात मई को हुई थी। शादी के बाद मायके लौटी संध्या बृहस्पतिवार की रात सहेलियों के साथ शादी की पार्टी कर रही थी। इसमें परिजनों और रिश्तेदारों को बुलाया गया था लेकिन परिवार का कोई सदस्य नहीं आया। वहीं पड़ोस में रह रहे चाचा के यहां चल रही जन्मदिन की पार्टी में सभी लोग शामिल हुए। घटना के बाद दोनों घरों में जश्न का माहौल मातम में बदल गया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 31 मई -2026
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पोर्टर से होती थी थाईलैंड के ओजी गांजा की सप्लाई, 25 लाख की खेप के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

## ऑपरेशन प्रहार के तहत क्राइम ब्रांच स्वाट टीम और मधुबन बापूधाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार आरोपी अब भी फरार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच स्वाट टीम और थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने एक अंतरराज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन वाले मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर लगभग 25 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित मादक पदार्थ, एक कार, बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह थाईलैंड से मंगाए जाने वाले हाई क्वालिटी ओजी गांजा, मैंगो फ्लेवर गांजा, शिलांग फ्लेवर गांजा और स्मैक की ऑनलाइन सप्लाई करता था। आरोपियों ने मादक पदार्थों की तस्करी के लिए आधुनिक तकनीक और ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर पूरे नेटवर्क को खड़ा कर रखा था।







### अमेजॉन जैसी पैकिंग में भेजा जाता था नशा, पोर्टर से होती थी डिलीवरी

करंट क्राइम : पुलिस जांच में एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। गिरोह नशे की खेप को सामान्य पार्सल जैसा दिखाने के लिए उसे अमेजॉन कंपनी जैसी पैकिंग में पैक करता था। इसके बाद विभिन्न डिलीवरी माध्यमों और पोर्टर जैसी सेवाओं के जरिए ग्राहकों तक पहुंचाया जाता था। इस तरीके से न केवल पुलिस और जांच एजेंसियों की नजर से बचने की कोशिश की जाती थी, बल्कि पार्सल प्राप्त करने वाले लोगों को भी सामान्य ऑनलाइन शॉपिंग जैसा अनुभव होता था। प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरोह पिछले कई महीनों से इसी तरीके से बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की सप्लाई कर रहा था।



### थाईलैंड से जुड़ा था नेटवर्क, हाई क्वालिटी ओजी गांजा की होती थी डिमांड

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद किया गया ओजी गांजा अत्यधिक महंगा और हाई क्वालिटी का नशीला पदार्थ माना जाता है। इसकी युवाओं के बीच विशेष मांग रहती है। गिरोह द्वारा मैंगो फ्लेवर और शिलांग फ्लेवर वाले गांजे की भी सप्लाई की जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार सीधे थाईलैंड से जुड़े हुए हैं। वहां से संपर्क स्थापित कर विशेष किस्म के नशीले पदार्थ मंगवाए जाते थे और फिर उन्हें गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली-एनसीआर के ग्राहकों तक पहुंचाया जाता था।

### यशस्वी उर्फ टांडा बताई जा रही कड़ी, विदेश से होती थी सेटिंग, चार आरोपी गिरफ्तार, चार की तलाश जारी

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच के सूत्रों के अनुसार इस गिरोह के तार कई राज्यों और विदेश तक फैले हुए हैं। जांच में सामने आया है कि यशस्वी उर्फ टांडा नामक आरोपी विदेश से संपर्क स्थापित करने और नशीले पदार्थों की आपूर्ति की व्यवस्था करने में अहम भूमिका निभाता था। सूत्र बताते हैं कि यशस्वी के साथ तनिष्क, विक्की और एक अन्य साथी भी इस नेटवर्क का हिस्सा हैं। यही लोग थाईलैंड से आने वाले ओजी गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की सप्लाई चैन को संचालित करते थे। फिलहाल ये सभी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

### स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल के व्हाट्सएप ग्रुप बने सप्लाई चैन

करंट क्राइम : पुलिस जांच में सबसे गंभीर और चिंताजनक तथ्य यह सामने आया है कि गिरोह ने युवाओं और छात्रों को अपना प्रमुख ग्राहक बना रखा था। सूत्रों के अनुसार गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली के कई स्कूलों, कॉलेजों और हॉस्टलों से जुड़े व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से नशे की मांग और सप्लाई का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने जांच की गोपनीयता के चलते किसी संस्थान का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। ऑर्डर मिलने के बाद मादक पदार्थों को पार्सल के रूप में पैक कर ग्राहकों तक पहुंचाया जाता था। ऑनलाइन भुगतान और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर पूरे नेटवर्क को संचालित किया जा रहा था।

### पूर्व में एनडीपीएस में जेल जा चुका है शिवम मिश्रा

करंट क्राइम : पुलिस ने इस कार्रवाई में शिवम मिश्रा को भी गिरफ्तार किया है, जो नंदग्राम क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार शिवम पहले भी एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में जेल जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक (महिंद्रा एन्क्लेव निवासी) को गिरोह का मास्टरमाइंड माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि अभिषेक ने केवल 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन उसने अपने साथियों सूरज, दीपक और शिवम मिश्रा के साथ मिलकर नशीले पदार्थों की तस्करी का संगठित नेटवर्क तैयार कर लिया था। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी आपस में घनिष्ठ मित्र हैं और लंबे समय से सुनियोजित तरीके से इस अवैध कारोबार को चला रहे थे। पुलिस ने आरोपी अभिषेक (कथित मास्टरमाइंड), शिवम मिश्रा, सूरज और दीपक को दबोचा है। जबकि यशस्वी उर्फ टांडा, तनिष्क, विक्की और एक अन्य साथी फरार है।

### छह महीने में करोड़ों रुपये का कारोबार होने की आशंका

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों का दावा है कि गिरोह पिछले करीब छह महीनों से सक्रिय था और इस अवधि में करोड़ों रुपये के मादक पदार्थों की तस्करी की जा चुकी है। जांच एजेंसियां अब आरोपियों के बैंक खातों, डिजिटल लेन-देन, मोबाइल डेटा और सोशल मीडिया गतिविधियों की पड़ताल कर रही हैं। जांच का दायरा बढ़ाते हुए कई राज्यों में पुलिस टीमों को रवाना किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े और भी लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। फरार आरोपियों की तलाश में विभिन्न राज्यों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। पूरे नेटवर्क की वित्तीय और डिजिटल जांच भी की जा रही है ताकि तस्करी की पूरी श्रृंखला को ध्वस्त किया जा सके।

### ऑपरेशन प्रहार का बड़ा प्रहार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की इस कार्रवाई को हाल के महीनों में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ सबसे बड़ी सफलताओं में माना जा रहा है। थाईलैंड से जुड़े नेटवर्क, ऑनलाइन ऑर्डरिंग सिस्टम, व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से सप्लाई और अमेजॉन जैसी पैकिंग का खुलासा यह दर्शाता है कि तस्कर अब तकनीक का सहारा लेकर नशे का कारोबार फैला रहे हैं। पुलिस का दावा है कि इस नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने तक कार्रवाई जारी रहेगी।

# दूर करने के लिए दिमागी टेंशन, आज पार्षद करेंगे पूल पार्टी इन द राजनगर एक्सटेंशन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल की धड़कनों का बेतहाशा शोर सुनाई दे रहा है। दिल की धड़कनें काबू में नहीं हैं और पार्षद दिल के मामले में अस्पताल पहुंच गए हैं। आखिर क्या तनाव है और इससे कैसे निपटा जाए, इसके लिये एक पहल हो गई है और इस पहल की चहल-पहल आज राजनगर एक्सटेंशन में दिखाई दी। दिमागी टेंशन दूर करने के लिये पार्षद एसोसिएशन आज पूल पार्टी कर रही है। इस पूल पार्टी की लोकेशन राजनगर एक्सटेंशन है। बताया जाता है कि ये लोकेशन वीवीआईपी सोसायटी के आसपास बताई जाती है। इस पूल पार्टी का आयोजन भी एक पार्षद ने ही किया है। पार्षद नीरज गोयल पार्षदों की दिमागी टेंशन दूर करने वाली इस पार्टी के आयोजक हैं।

### पार्षदों के साथ पार्षद पति भी नजर आएंगे पूल पार्टी में

पार्षदों की पूल पार्टी आयोजित हो रही है। पहले ही बता दिया गया है कि पार्षदों पर बढ़ते निरंतर कार्यभार और मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य ये पाषर्दों और पार्षद पतियो के लिये पूल पार्टी का आयोजन किया गया है। सूत्र बताते हैं कि इस पार्टी में केवल भाजपा नहीं बल्कि सभी दलों के पार्षद शामिल हो रहे हैं। ये पार्टी आज शाम सात बजे से शुरू होगी। खास बात ये है कि इस पार्टी में महिला पार्षदों के स्थान पर उनके पतियों को निमंत्रण दिया गया है। लगभग 30 से 40 पार्षद पूल पार्टी में आएंगे। पूल पार्टी शाम सात बजे शुरू हो जाएगी।

### स्वीमिंग पूल में स्नान और खाने के लिये फल और पुलाव

पार्षद तनाव में हैं और तनाव दूर करने के लिये वो स्वीमिंग पूल में स्नान करेंगे। सूत्र बताते हैं कि इस पूल पार्टी में पार्षदों के लिये स्नान की व्यवस्था है और फिर यहां तरबूज, खरबूजा, आम और पुलाव का इंतजाम किया गया है। पार्षद इस पूल पार्टी के लिये तैयार हैं।





### तो क्या जय-वीरू के टूर को मिली है ये चुनौती

स्वीमिंग पूल वाली ये पार्टी केवल पानी की नहीं है इस पानी में एक और भी कहानी है। सूत्र बताते हैं कि पहले एक टूर हुआ और फिर उस टूर के बार गोवा जाने का ऐलान हुआ, लेकिन गोवा वाला ये टूर केवल प्लान में ही रह गया, इसके बाद जिम कार्बेट टूर की योजना बनती रही। सूत्र बताते हैं कि पार्षदों ने इसके बाद एक राय से ये तय किया कि हम गोवा जाएं या ना जाएं हम जिम कार्बेट जाए या ना जाए, लेकिन हम अस्पताल जरूर चले गए। दिल की धड़कनों पर संकट आ गया और हमें कोई देखने भी नहीं आया। फिर तय हुआ कि गर्मी के इस मौसम में बजट के हिसाब से कोई आयोजन कर लिया जाए। आयोजन हो गया और सूत्र बता रहे हैं कि ये आयोजन एक तरह से जय वीरू की जोड़ी के टूर प्लान को चुनौती है। अब पार्षदों ने एक तरह से खुद ही सब अरेंज कर लिया और दिखा दिय कि अगर स्थानीय स्तर पर भी टूर जैसी फीलिंग ली जा सकती है।

# कुछ इस तरह से दिया पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने तर्क अपनी ताकत को पहचाने खादी वाले वेद प्रकाश गर्ग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में इलैक्शन लड़ना एक लक्ष्य होता है। राजनीति मे कई बार कुछ ना मिले तो भी मोटिवेशन के साथ खुद को रण में रखा जाता है। कई बार ऐसा होता है कि बहुत करीब आकर भी कोई चीज हाथ से निकल जाती है। कई बार घटनाक्रम इतनी तेजी से घूमता है कि पूरी राजनीति ही घूम जाती है। कई बार योजना कुछ बनती है और हो कुछ जाता है। जो राजनीति के खिलाड़ी हैं वो इनसे अलग अपना संघर्ष और सफर जारी रखते हैं। कई बार जब काबिल लोग बैकफुट पर आते हैं तो मोटिवेशन की जरूरत होती है। मोटिवेशन जरूरी है। यहां बात वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों की होरही है। यहां उन्हें भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने मोटिवेशन दिया। हिमांशु लव और वेदप्रकाश गर्ग केवल सामाजिक कार्यों में ही भागीदारी नहीं निभाते हैं। ये दोनों समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले एक ऐसा नाम हैं जो गाजियाबाद के प्रतिष्ठित और गणमान्य लोगों में शामिल किया जाता है। इस परिवार का अपना भाजपाई परिवार का इतिहास है। एक ऐसा परिवार है जो राजनीतिक शिष्टाचार और सनातन संस्कृति के संस्कार को लिए हुए है।






शहर की राजनीतिक संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों का नाम मेयर दावेदारी में फाईनल राउन्ड में आ गया था। वो काफी हद तक मेयर वाले टिकट के नजदीक पहुंच गये थे। लेकिन एक घटनाक्रम में अचानक से सीट फिर से महिला आरक्षित हो गयी। यहीं से वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों की सारी राजनीतिक प्लानिंग यू टर्न ले गयी। ये एक शालीनता है, राजनीतिक मर्यादा है और ये सिद्धांतवादी जीवन है कि महिला सीट होने के बाद वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों ने अपनी पत्नी के नाम से टिकट नहीं माना। वो खुद को सहर्ष और सगर्व भाजपा कार्यकर्ता लिखते हैं और कार्यकर्ता की पृष्ठ भूमि से उन्होंने टिकट मांगा था। ये संस्कार हैं कि पूरा चुनाव लड़ाया। जुबान तो क्या चेहरे परभी शिकन नहीं आयी। लेकिन जिस मोड पर आकर उनके साथ ये हुआ उसके बाद वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों ने सक्रिय राजनीति से खुद को थोड़ा अलग किया। लेकिन जो लोग तैयारी करते हैं, उसे समाज देखता है और सब चाहते हैं कि ऐसे कार्यकर्ता को फिर से मौका मिले।

वेदप्रकाश गर्ग के प्रिय दोस्त हिमांशु लव सामने आये और उन्होंने वैश्य समाज के नेता के लिए विधायक प्रत्याशी की संभावना जताई। ये एक मोटिवेशन है जब हिमांशु लव ने लिखा कि वैश्य समाज के एक नेता वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले हो सकते हैं विधायक प्रत्याशी। यहां पर उन्होंने वैश्य समाज की आवाज की बात कही। व्यापारियों की सम्मान की बात कही।

वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों के चेहरे को जब विधायक प्रत्याशी बनाया तो ईमानदार नेतृत्व और स्वच्छ राजनीति भी मुख्य रूप से लिखा गया। हिमांशु लव ने लिखा कि आप तैयारी करो हम आपके साथ हैं। यहां पर वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों के समर्थन में भी भाजपा के कई नेता आगे आये। पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन ने लिखा कि इसी प्रकार आगे बढ़ते रहें और इस लड़ाई को मुकाम तक पहुचायेंगे ऐसा मैं मानता हूं।

# गाजियाबाद में जलती गाड़ियां: हर दूसरे दिन सामने आ रही घटनाओं ने बढ़ाई चिंता




## गर्मी या तकनीकी खामी? लगातार हो रहे हादसों ने खड़े किए बड़े सवाल

**समीक्षा**

**वशेषज्ञों का मानना है कि नियमित जांच ही ऐसे हादसों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है**

करंट क्राइम
साप्ताहिक रिपोर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनसीआर में पारा 45 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है और इसी के साथ गाजियाबाद में गाड़ियों में आग लगने की घटनाएं भी लगातार चर्चा का विषय बनी हुई हैं। कभी सड़क पर दौड़ती कार अचानक आग का गोला बन जाती है, कभी वर्कशॉप में खड़ी कई गाड़ियां धधक उठती हैं तो कभी चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक कार पूरे भवन को खतरे में डाल देती है। पिछले कुछ सप्ताह में सामने आए मामलों ने आम वाहन चालकों की चिंता बढ़ा दी है। सवाल उठ रहा है कि क्या केवल गर्मी इन हादसों की वजह है या फिर इसके पीछे तकनीकी खामियों का बड़ा नेटवर्क छिपा हुआ है।

वाहन सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों और फायर अधिकारियों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में केवल अधिक तापमान के कारण वाहन में आग नहीं लगती। अधिकांश मामलों में शॉर्ट सर्किट, बैटरी फॉल्ट, वायरिंग से छेड़छाड़, खराब रखरखाव या तकनीकी खराबियां बड़ी वजह बनकर सामने आती हैं।

### 20 मई: मेरठ रोड स्थित ऑटो वर्कशॉप में तीन कारें जलीं



20 मई को मेरठ रोड पर रैपिड मेट्रो स्टेशन और न्यू बस स्टैंड के निकट स्थित एक ऑटोमोबाइल वर्कशॉप में अचानक आग लग गई। आग ने वहां खड़ी तीन कारों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया। शुरूआती स्तर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई गई।

### 21 मई: शास्त्री नगर में आग का गोला बनी कार



वर्कशॉप आग की घटना के अगले ही दिन शास्त्री नगर क्षेत्र में एक कार अचानक धधक उठी। कुछ ही मिनटों में वाहन पूरी तरह आग की लपटों में घिर गया। स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हुए।

### 27 मई: सूर्य नगर में चार्जिंग के दौरान ईवी में आग



साहिबाबाद के सूर्य नगर क्षेत्र में एक बहुमंजिला इमारत के बेसमेंट में चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक कार में आग लगने की घटना ने लोगों को झकझोर दिया। आग के बाद पूरे भवन में धुआं भर गया और निवासियों को बाहर निकालना पड़ा। इस घटना के बाद एश चार्जिंग सुरक्षा को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।

### एक्सप्रेसवे पर भी सामने आ चुके हैं मामले

हाल के महीनों में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और ठल्-9 पर चलती गाड़ियों में आग लगने के मामले भी सामने आ चुके हैं। कई घटनाओं में चालक समय रहते वाहन से बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि वाहन पूरी तरह जल गए।

**आखिर क्यों लग रही है आग? :** विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश मामलों में कुछ सामान्य कारण सामने आते हैं।

**शॉर्ट सर्किट सबसे बड़ा कारण :** वाहन के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी आग लगने की सबसे प्रमुख वजह मानी जाती है। वायरिंग कटना, ओवरलोडिंग, ढीले कनेक्शन और खराब इंसुलेशन से स्पार्किंग हो सकती है।

**कंपनी वायरिंग से छेड़छाड़ :** आजकल बड़ी संख्या में वाहन मालिक अतिरिक्त छएऊ हाई पावर हॉर्न, म्यूजिक सिस्टम, कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगवाते हैं। यदि यह कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप न हो तो मूल वायरिंग प्रभावित हो सकती है और आग का खतरा बढ़ जाता है।

**बैटरी और चार्जिंग सिस्टम :** आधुनिक वाहनों और एश में बैटरी सिस्टम अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खराब बैटरी, दोषपूर्ण चार्जर या चार्जिंग के दौरान पर्याप्त सुरक्षा न होना भी जोखिम पैदा कर सकता है।

**पुरानी गाड़ियों में बढ़ता खतरा :** ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों का मानना है कि 8 से 10 वर्ष या उससे अधिक पुरानी गाड़ियों में वायरिंग, फ्यूल पाइप और बैटरी सिस्टम समय के साथ कमजोर हो सकते हैं। यदि नियमित सर्विसिंग न हो तो दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।

### एक्सपर्ट की राय

ऑटोमोबाइल तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि 42 से 45 डिग्री तापमान अपने आप किसी वाहन को आग नहीं लगाता। यदि वाहन के भीतर पहले से इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल समस्या मौजूद हो तो गर्मी उस खतरे को कई गुना बढ़ा देती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अनधिकृत मॉडिफिकेशन, खराब वायरिंग और रखरखाव की कमी वर्तमान समय में सबसे बड़ी चिंताओं में शामिल हैं।

### क्या करें वाहन मालिक?

- समय-समय पर वाहन की सर्विसिंग कराएं।
- बैटरी और वायरिंग की जांच करवाते रहें।
- अनधिकृत इलेक्ट्रिकल मॉडिफिकेशन से बचें।
- पेट्रोल, डीजल या जलने जैसी गंध को नजरअंदाज न करें।
- वाहन में अग्निशामक यंत्र रखने पर विचार करें।
- ईवी उपयोगकर्ता केवल प्रमाणित चार्जर का इस्तेमाल करें।

**बढ़ती घटनाएं दे रहीं चेतावनी :** गाजियाबाद में सामने आ रही वाहन आग की घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि वाहन सुरक्षा को लेकर लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। गर्मी के मौसम में छोटी तकनीकी खामी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित जांच और सुरक्षित इलेक्ट्रिकल सिस्टम ही ऐसे हादसों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है।

## संपादकीय

# तेजी से घट रहा पानी

भीषण गर्मी और लू की वजह से पूरे भारत में जल आपूर्ति की समस्या तेजी से बढ़ रही है। उत्तर भारत के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है और रात में भी तापमान लगातार ऊंचा रहने से पानी तथा बिजली की मांग बढ़ रही है। सुपर अल नीनो के कारण बारिश में व्यवधान की आशंका से समस्या और गंभीर हो सकती है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिन 166 जलाशयों पर नजर रखी जा रही है, उनमें 30 अप्रैल को मौजूद 71.08 अरब घन मीटर पानी 14 मई तक घटकर 63.23 अरब घन मीटर ही रह गया है। यानी सिर्फ दो हफ्तों में लगभग 8 अरब घन मीटर की गिरावट आई है। तेरह प्रमुख जलाशयों में जल स्तर अपने सामान्य भंडारण स्तर के आधे से भी कम रह गया है। यह समस्या तब आ रही है, जब भारत में पानी का बहुत अधिक इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों में गतिविधियां बढ़ी हैं। इनमें एथनॉल मिश्रण, डेटा सेंटर, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का ढांचा और विनिर्माण शामिल हैं। इनमें से कई निवेश पानी के संकट वाले क्षेत्रों में हो रहे हैं। महाराष्ट्र और कर्नाटक बार-बार सूखे और भूजल स्तर में गिरावट की समस्या से जूझते रहे हैं मगर गन्ने की खेती और एथनॉल उत्पादन बढ़ता जा रहा है, जबकि गन्ने की खेती में पानी की सबसे ज्यादा खपत होती है।

इसी तरह अक्सर शहरी जल संकट से जूझने वाले महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक डेटा सेंटर के बड़े अड्डे बनते जा रहे हैं। हाइपरस्केल डेटा सेंटरों को ठंडा रखने के लिए बड़ी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। मुद्दा यह नहीं है कि इन क्षेत्रों का विस्तार होना चाहिए या नहीं, मुद्दा यह है कि औद्योगिक और ऊर्जा नीतियां जल विज्ञान संबंधी हकीकत के मुताबिक हैं या नहीं। औद्योगिक स्थलों के चयन, शहरी नियोजन और कृषि प्रोत्साहन में जल की उपलब्धता प्रमुख मानदंड होना चाहिए।

इस व्यापक संकट के परिणाम भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्पष्ट दिख रहे हैं। उदाहरण के लिए, राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक लिफ्ट नहर के बंद होने से कई गांव इकलौते हैंडपंप पर निर्भर हो गए हैं। दिल्ली में यमुना में पानी कम होने और प्रदूषण बढ़ने से जल शोधन क्षमता कम हो गई है, जबकि गर्मियों के महीनों में पानी की मांग बढ़ जाती है, इसलिए शहर को पड़ोसी राज्यों से मदद मांगनी पड़ रही है। वर्ष 2024 के बेंगलूरु जल संकट ने यह दिखाया कि भूजल भंडार कम होने, झीलों पर अतिक्रमण होने और वर्षा जल संचयन नियमों का ठीक से पालन न होने पर शहरी जल व्यवस्था कितनी तेजी से चरमरा सकती है।

यह संकट अब केवल वर्षा की कमी तक सीमित नहीं है। तापमान बढ़ने से ज्यादा पानी भाप बनकर उड़ रहा है और भूजल स्तर गिरता जा रहा है। भारत लगभग 251 अरब घन मीटर सालाना भूजल दोहन पहले से करता आ रहा है, जो विश्व में कुल दोहन का लगभग एक चौथाई है।

# पश्चिम एशिया तनाव के बीच मुंबई में फिर दो रुपये महंगी हुई सीएनजी




**मुंबई।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच आम लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। मुंबई और मुंबई महानगर क्षेत्र में सीएनजी की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। इस बार सीएनजी के खुदरा दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया है।

नई दरें 29 मई 2026 की मध्यरात्रि से लागू हो गई हैं। कीमत बढ़ने के बाद मुंबई में सीएनजी का खुदरा मूल्य 84 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। इसका सीधा असर निजी वाहन चालकों, टैक्सी और ऑटो रिक्शा संचालकों के साथ-साथ व्यावसायिक वाहनों पर पड़ेगा। कंपनी ने सभी डीलरों को संशोधित दरें लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

इससे पहले 14 मई को भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई थी। यानी महज 17 दिनों के भीतर दूसरी बार कीमतें बढ़ाई गई हैं। एमजीएल फिलहाल मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, कल्याण, रायगढ़, रत्नागिरी, चित्रदुर्ग, दावणगेरे, लातूर और उस्मानाबाद समेत कई क्षेत्रों में सीएनजी की आपूर्ति करती है।

इस बीच पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। सोमवार को पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ था। पिछले दो सप्ताह में यह चौथी बढ़ोतरी थी। मुंबई में फिलहाल पेट्रोल 111.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल 97.83 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# समीक्षा : तेल, महंगाई और कमजोर मानसून से अर्थव्यवस्था को खतरा



**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग ने मई की मासिक आर्थिक समीक्षा में भारत के निकट भविष्य के आर्थिक परिदृश्य को सतर्क व लचीलेपन वाला बताया। विभाग ने कहा कि वैश्विक झटकों के बावजूद घरेलू बुनियादी सिद्धांत मजबूत हैं। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, सख्त वित्तीय स्थितियां और कमजोर मानसून को खपत व महंगाई के लिए प्रमुख जोखिम बताया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माण और सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) विस्तार क्षेत्र में हैं। श्रम बाजार स्थिर है और विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से सुरक्षा प्रदान करता है। विभाग ने स्वीकार किया कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद वैश्विक वातावरण चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऊंची कच्चे तेल की कीमतें और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की कमजोर वृद्धि भारत के लिए चुनौतियां हैं। महंगाई की गतिशीलता पर सतर्कता आवश्यक है। खुदरा महंगाई और थोक कीमतों के बीच अंतर ऊपरी स्तर पर लागत दबाव का संकेत देता है। अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई मामूली रूप से 3.48 फीसदी बढ़ी, जो भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य से कम रही। लेकिन थोक महंगाई वैश्विक ऊर्जा कीमतों और मुद्रा अवमूल्यन के कारण तेजी से 8.3 फीसदी तक पहुंच गई। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि और कम मानसून खाद्य कीमतों पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है।

आर्थिक मामलों के विभाग की समीक्षा के अनुसार, खुदरा महंगाई और थोक कीमतों में अंतर चिंताजनक है। यह दशार्ता है कि उत्पादन लागत बढ़ रही है, जिसका असर जल्द ही उपभोक्ताओं पर दिख सकता है। अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई 3.48 फीसदी रही, जबकि थोक महंगाई 8.3 फीसदी पर पहुंच गई। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और कमजोर मानसून से खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका है।

अप्रैल 2026 में औद्योगिक गतिविधि ने मिश्रित संकेत दिखाए, पर सीमेंट, इस्पात और बिजली उत्पादन में लचीलापन रहा।

# बाजार से विदेशी निवेशकों का मोहभंग? निकाले हजारों करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने मई 2026 में लगातार तीसरे महीने इक्विटी बाजार से भारी पूंजी निकाली है। भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक निवेश के बदलते रुख का असर दलाल स्ट्रीट पर साफ देखने को मिल रहा है।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई 2026 में भारतीय शेयर बाजार से 32,963 करोड़ रुपये की भारी-भरकम निकासी की है। इसके असर से इस वर्ष में अब तक सेंसेक्स में 12.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। यह 86100 के ऊपरी स्तरों से फिसलकर 74,775के स्तर तक पहुंच गया है। इस दौरान निफ्टी में भी करीब 10 से 11 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह अपने उच्चतम स्तर 26,373.20 से धड़ाम होकर 25,500 के स्तर पर पहुंच गया है। नहीं, यह इस साल 2026 का लगातार तीसरा महीना है जब विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में नेट सेलर बने हुए हैं। विदेशी निवेशक या एफपीआई जैसे पेंशल फंड, हेज फंड और विदेशी म्यूचुअल फंड भारतीय बाजार में खास तौर पर शेयर और बॉन्ड में निवेश करते हैं। एफपीआई की ओर से बिकवाली का साफ मतलब है कि विदेशी निवेशक जिन्होंने कभाी भारतीय शेयरों पर इस साल की शुरूआत से लेकर अब तक, विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से कुल 2,24,932 करोड़ रुपये की पूंजी निकाली है। इस बिकवाली में पश्चिम एशिया संकट ने आग में घी का काम किया है। इससे पहले ही रूस यूक्रेन युद्ध और ट्रंप के टैरिफ प्रकरण के कारण विदेशी निवेशकों के बीच भारतीय बाजार को लेकर अनिश्चितता दिखी थी।

# एक जून से हो रहे कई बदलाव, हवाई यात्रा होगी महंगी!




**नई दिल्ली।** जून का महीना अपना साथ कई नए बदलाव लेकर आ रहा है। पिछले कुछ महीनों से कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में काफी तेजी आई है जबकि घरों में यूज होने वाले सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार का कहना है कि तेल कंपनियों को हर सिलेंडर पर 700 रुपये का नुकसान हो रहा है। क्या इस बार होगा बदलाव।

1 जून से यूपीआई ट्रांजैक्शन से जुड़े नियम में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अगर आप जिस किसी को भी पैसे यूपीआई से ट्रांसफर करेंगे, उसका असली बैंक रजिस्टर्ड नाम आपको स्क्रीन पर दिखाई देगा। माना जा रहा है कि नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई से होने वाले फ्रॉड को खत्म करने के लिए यह कदम उठाया है। इसमें क्यूआर कोड़ स्कैन करते ही या मोबाइल नंबर डालते ही आपको सही व्यक्ति के बारे में पता चल जाएगा।

पहली जून से कई बैंक अपने एटीएम ट्रांजेक्शन में बदलाव कर सकते हैं। दूसरे बैंक के एटीएम से मुफ्त लेन-देन की सीमा कम हो सकती है। इससे एटीएम से कैश निकालने से लेकर, खाते का बैंलेंस चेक करना और मिनी स्टेटमेंट निकालना महंगा हो सकता है। इसका उन लोगों पर ज्यादा असर हो सकता है जो बार-बार नकदी निकालते हैं।

ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई है। इस कारण ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को काफी घाटा हो रहा है।

हाल में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कई बार इजाफा किया गया है। ये कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी की कीमतों की समीक्षा करती हैं।

# 6 दिन में 20% उछला ओला, 3 महीने में कर दिए पैसे डबल



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में लंबी गिरावट के बाद अब तेजी का रुख देखने को मिल रहा है। शुक्रवार, 29 मई को ओला का शेयर 5.94% की बढ़त के साथ 41.57 रुपये पर बंद हुआ। खास बात यह है कि केवल दो कारोबारी सत्रों में ही शेयर करीब 14% तक चढ़ गया।

पिछले छह कारोबारी सत्रों में शेयर करीब 20% तक उछल चुका है। आइए जानते हैं कि ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में किन 5 कारणों से तेजी दिख रही है। लेकिन, पहले जान लेते हैं कि इसने 3 महीने में कैसे निवेशकों के पैसे डबल कर दिए।

ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों ने पिछले तीन महीने से भी कम समय में निवेशकों का पैसा डबल कर दिया है। 2 मार्च 2026 को कंपनी का शेयर 21.21 रुपये के अपने 52 हफ्तों के निचले स्तर पर था। इसके बाद शेयर में लगातार रिकवरी देखने को मिली और 29 मई 2026 को कारोबार के दौरान यह 42.84 रुपये तक पहुंच गया। इस तरह निचले स्तर से शेयर में करीब 102% की तेजी दर्ज की गई। अगर किसी निवेशक ने मार्च की शुरूआत में इस शेयर में 50 हजार रुपये लगाए होते, तो वो बढ़कर 1 लाख रुपये हो जाते।

पिछले हफ्ते कंपनी ने मार्च 2026 तिमाही के नतीजे जारी किए थे। नतीजों के बाद से शेयर में तेजी देखने को मिल रही है।

कंपनी की चौथी तिमाही की कमाई एक साल पहले के 611 करोड़ रुपये से घटकर 265 करोड़ रुपये रह गई। हालांकि अच्छी बात यह रही कि कंपनी का शुद्ध घाटा काफी कम हुआ। यह 870 करोड़ रुपये से घटकर 500 करोड़ रुपये पर आ गया। इसी तरह एइक्ळऊअ घाटा भी 690 करोड़ रुपये से घटकर 281 करोड़ रुपये रह गया। पहली बार कंपनी का ऑपरेटिंग कैश फ्लो पॉजिटिव रहा।

ओला के मैनेजमेंट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 के दौरान सर्विस समस्याओं का असर काफी बिक्री पर पड़ रहा था। उनमें अब काफी सुधार आ चुका है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

संता- मेरे दादा जी इतने अमीर, और भुलक्कड़ थे कि लाठी बिस्तर पे रख के खुद कोने में सो जाते थे।
बंता- अबे ये तो कुछ भी नही।
संता - कैसे?
बंता- मेरे दादा जी इतने अमीर, और भुलक्कड़ थे की पान चबा कर बिस्तर पे थूक देते और खुद खिड़की से नीचे कूद जाते थे।

संता- अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
संता- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं!

संता ने पूछा बंता से- बंता भईया जिसको सुनाई नहीं देता, उसको क्या कहते हैं?
बंता बोला - कुछ भी कह लो भईया जब उसे सुनाई ही नहीं देता।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# इनके चैंपियन बनने में हार्दिक का हाथ!

## फैंस थ्योरी और धांसू ट्विस्ट, अब GT की बारी

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 फाइनल से पहले सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प थ्योरी वायरल है। फैंस का दावा है कि कैप्टेंस मीट में हार्दिक पांड्या के बगल, खासकर दाईं ओर खड़ा कप्तान चैंपियन बनता है। 2024 में श्रेयस अय्यर और 2025 में रजत पाटीदार के बाद अब शुभमन गिल चर्चा में हैं।

आईपीएल 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। रविवार को गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच फाइनल खेला जाना है। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। हालांकि, इस फाइनल से पहले एक फैंस थ्योरी खूब चर्चा में है। इस थ्योरी में एक मजेदार ट्विस्ट है, जो बताता है कि आईपीएल 2024 और आईपीएल 2025 में टीमों के चैंपियन बनने में हार्दिक पांड्या का भी अहम किरदार रहा था।

क्या है यह थ्योरी?

दरअसल, यह थ्योरी एक मीम है कि आईपीएल शुरू होने से पहले अगर कैप्टेंस मीट में कोई कप्तान अगर हार्दिक के बगल में खड़ा होता है तो वो चैंपियन बनता है। खास तौर पर हार्दिक की दाईं ओर खड़ा होने वाला कप्तान चैंपियन बनता है। आईपीएल 2024 के कैप्टेंस मीट में तब केकेआर के कप्तान रहे श्रेयस अय्यर हार्दिक के बगल में दाईं ओर खड़े थे।






### 2023 में भी हुआ था ऐसा?

आईपीएल 2023 में भी धोनी हार्दिक के बगल में खड़े हुए थे। हालांकि, तब वह हार्दिक की बाईं ओर खड़े थे। फिर भी सीएसके की टीम चैंपियन बनी थी। अब सोशल मीडिया पर 2024, 2025 और इस सीजन की तस्वीर वायरल हो रही है और लोग कमेंट कर रहे हैं कि गिल की टीम ही इस बार चैंपियन बनेगी। हार्दिक से जोड़ा जा रहा यह अंधविश्वास कितना सही साबित होगा, यह तो 31 मई को ही पता चलेगा।

# विनेश को सिर्फ 50 किलो ट्रायल में भाग लेने दे सकता है WFI, वजन में मिलेगी एक किलो तक की रियायत

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के बीच विवाद कम होता नहीं दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भले ही विनेश को एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दी है, लेकिन महासंघ उन्हें सिर्फ 50 किलो वर्ग में ही खेलने की अनुमति देने की मूड में है।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और स्टार पहलवान विनेश फोगाट के बीच विवाद एक नया मोड़ ले सकता है। राष्ट्रीय महासंघ ने उन्हें एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में सिर्फ महिलाओं के 50 किलो वर्ग में भाग लेने की अनुमति देने का फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई सूत्रों के अनुसार महासंघ के अधिकारियों ने उसके पसंदीदा भारवर्ग को लेकर पुष्टि का इंतजार किया, लेकिन दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश की ओर से शुक्रवार रात तक उन्हें कोई सूचना नहीं मिली।

सुप्रीम कोर्ट से मिली थी राहत

इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने विनेश को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी। विनेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 समेत पिछले कुछ अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों में 50 किलो वर्ग में ही भाग लिया था लिहाजा वह इसी भारवर्ग में उतरेंगी। महासंघ के सूत्र ने बताया, मुख्य कोच और तकनीकी अधिकारियों के लिए यह जानना जरूरी है कि कौन सा पहलवान किस भारवर्ग में उतरेगा। हमने देर शाम तक इंतजार किया लेकिन कोई ईमेल, मैसेज या औपचारिक सूचना विनेश की तरफ से नहीं मिली।

समझा जाता है कि विनेश 53 किलो वर्ग में उतरने की तैयारी कर रही हैं और इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में ही अभ्यास कर रही हैं जहां ट्रायल होने हैं। महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वे न्यायालय के निर्देश का सम्मान करते हैं लेकिन ट्रायल उनके अपने कड़े नियमों के तहत होंगे। महासंघ सभी प्रतिभागियों को वजन में एक किलो तक की रियायत देगा यानी अगर विनेश को 50 किलो वर्ग में भाग लेना है तो उन्हें अपना वजन 51 किलो करना होगा।

अदिति चौहान, एम एम सोमैया सरकारी पर्यवेक्षक

पूर्व फुटबॉलर अदिति चौहान और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पूर्व हॉकी कप्तान एम एम सोमैया एशियाई खेलों के लिए महिला कुश्ती ट्रायल में विनेश फोगाट की भागीदारी के समय भारतीय ओलंपिक संघ और खेल मंत्रालय के पर्यवेक्षक होंगे। सूत्रों के अनुसार चौहान आईओ की और सोमैया मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की नुमाइंदगी करेंगे।



# फोंसेका ने किया बड़ा उलटफेर, जोकोविच फ्रेंच ओपन से बाहर, टूर्नामेंट को मिलेगा नया चैंपियन

**नई दिल्ली।** 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2026 के तीसरे दौर में ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोंसेका से हारकर बाहर हो गए। दो सेट की बढ़त गंवाने वाले जोकोविच ने टूर्नामेंट में वापसी को लेकर भी अनिश्चितता जताई। उनकी हार के साथ ही पेरिस में पहली बार कोई नया पुरुष ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनेगा।



फ्रेंच ओपन 2026 में शुक्रवार को ऐसा नतीजा देखने को मिला जिसने टेनिस जगत को चौंका दिया। 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच तीसरे दौर में ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोंसेका से हारकर बाहर हो गए। रोलां गैरो के कोर्ट पर खेले गए इस मुकाबले में जोकोविच ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले दो सेट 6-4, 6-4 से अपने नाम किए थे। ऐसा लग रहा था कि अनुभवी खिलाड़ी आसानी से अगले दौर में पहुंच जाएंगे, लेकिन इसके बाद मैच पूरी तरह बदल गया। फोंसेका ने जबरदस्त वापसी करते हुए अगले तीन सेट 6-3, 7-5 और 7-5 से जीत लिए और पांच सेट तक चले इस मुकाबले में बड़ा उलटफेर कर दिया।

**25वें ग्रैंड स्लैम का सपना टूटा**

इस साल जोकोविच के पास इतिहास रचने का सुनहरा अवसर था। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके थे, जबकि गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज चोट के कारण भाग नहीं ले सके। ऐसे में माना जा रहा था कि जोकोविच रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीत सकते हैं। लेकिन फोंसेका के हाथों मिली हार के साथ उनकी यह उम्मीद भी खत्म हो गई। जोकोविच की विदाई के साथ ही यह भी तय हो गया कि पेरिस में इस बार पुरुष एकल वर्ग को एक नया ग्रैंड स्लैम चैंपियन मिलेगा। ओपन एरा में यह पहला मौका होगा जब फ्रेंच ओपन के अंतिम-16 दौर में कोई पूर्व पुरुष ग्रैंड स्लैम विजेता मौजूद नहीं होगा।

# 15 साल के बच्चे ने IPL 2026 में तोड़े कितने रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 वैभव सूर्यवंशी के नाम रहा। महज 15 साल की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के इस बल्लेबाज ने 16 मैचों में 776 रन, 72 छक्के और 237.30 के स्ट्राइक रेट के साथ ऐसे रिकॉर्ड बनाए, जिन्हें पहले असंभव माना जाता था। पावरप्ले में दबदबा, गेंदबाजों पर हमला और रिकॉर्ड तोड़ छक्कों की बारिश ने उन्हें टूर्नामेंट का सबसे बड़ा सितारा बना दिया।

आईपीएल युवाओं को दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इसके 19 सीजन के इतिहास में कई ऐसे खिलाड़ी उभरकर सामने आए, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी छाप छोड़ी। हार्दिक पांड्या, रविचंद्रन अश्विन, शॉन मार्श, जसप्रीत बुमराह, जैसे कई उदाहरण मौजूद हैं। हालांकि, आईपीएल 2026 ने भारतीय क्रिकेट को एक नया हीरा दिया है। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन अपनी धांसू बल्लेबाजी से ऐसे कीर्तिमान बनाए हैं, जो शायद ही कोई कभी भूल पाएगा।

इस बाएं हाथ के बल्लेबाज को आने वाले समय का सुपरस्टार माना जा रहा है। वैभव ने बड़े से बड़े गेंदबाज को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। 2025 में अपनी अपार प्रतिभा की झलक दिखाने के बाद सूर्यवंशी ने 2026 में अपने खेल को ऐसे स्तर पर पहुंचा दिया, जैसा न केवल आईपीएल में बल्कि किसी किशोर खिलाड़ी से पहले कभी देखने को नहीं मिला था। महज 15 साल की उम्र में वह सिर्फ रिकॉर्ड नहीं तोड़ रहे हैं, बल्कि इस प्रारूप के लंबे समय से स्थापित मानकों को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं।

**ज्यादा रन, ज्यादा असर**

इस सीजन वैभव ने 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए और फिलहाल ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड में सबसे ऊपर चल रहे हैं। पिछली चार पारियों में से तीन में तो वह नर्वस-90 का शिकार हुए। वैभव ने सिर्फ 327 गेंदों का सामना करते हुए 135 बार गेंद को बाउंड्री तक पहुंचाया। इनमें 72 छक्के भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने छह बार 50 या उससे अधिक का स्कोर बनाया और इनमें एक 36 गेंदों का शतक भी शामिल है। इन छह बड़ी पारियों में से चार बार उन्होंने 16 गेंद या उससे कम में अपना अर्धशतक पूरा किया। संख्याओं में देखें तो आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन कुछ ऐसा था। आईपीएल के पिछले 18 सीजन में केवल चार मौकों पर किसी बल्लेबाज ने एक सीजन में उनसे ज्यादा रन बनाए हैं।

टी20 क्रिकेट में 200 से अधिक स्ट्राइक रेट के साथ 500 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की संख्या बेहद कम है। वैभव सहित केवल चार बल्लेबाज ही ऐसा कर पाए हैं, लेकिन इन चारों में भी 15 वर्षीय सूर्यवंशी का प्रदर्शन सबसे अलग है।

**अभिषेक इस मामले में रहे आगे**

वैभव के स्ट्राइक रेट के सबसे करीब पहुंचने वाले बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क रहे, जिन्होंने आईपीएल 2024 में 234.04 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए थे। लेकिन रनों के मामले में वह भी काफी पीछे रह गए।

टी20 टूर्नामेंटों के इतिहास में अब तक 20 बार ऐसा हुआ है जब किसी बल्लेबाज ने 200 से अधिक स्ट्राइक रेट के साथ 300 या उससे ज्यादा रन बनाए हों।




### क्या आईपीएल फाइनल के लिए रखा गया है रिजर्व डे

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम आईपीएल में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए रविवार को मैदान में उतरेगी। उसके सामने गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती होगी, जिससे इस मुकाबले में दो अलग-अलग खेल शैलियों की टक्कर देखने को मिलेगी।

**बेखौफ अंदाज में खेल रही है आरसीबी:** पहले क्वालिफायर में आरसीबी ने बेखौफ अंदाज से टाइटंस को शिकस्त दी थी। पिच की स्थिति या विरोधी गेंदबाजी रणनीति का भी उनके इस आक्रामक रवैये पर बहुत कम असर पड़ा है और इस सत्र में कोई अन्य टीम उतनी बार 200 से अधिक रन नहीं बना सकी है जितनी बार आरसीबी ने बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार की शांत और संतुलित नेतृत्व शैली ने भी पिछले दो सत्रों में टीम को स्थिरता दी है। वह पूर्व कप्तानों विराट कोहली या फाफ डुप्लेसिस जितने भावनात्मक रूप से मुखर नहीं हैं।

# क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार हैं वैभव सूर्यवंशी

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का मानना है कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव ने 16 मैचों में 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की। संगकारा ने कहा कि वैभव ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के खिलाफ जिस परिपक्वता और साहस का प्रदर्शन किया है, उससे वह किसी भी स्तर पर खेलने के लिए तैयार नजर आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टीम प्रबंधन वैभव को सोशल मीडिया के दबाव से दूर रखते हुए उनके खेल और तैयारी पर ध्यान केंद्रित कराता है।

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया, लेकिन टीम के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पूरे टूर्नामेंट के सबसे बड़े आकर्षण बनकर उभरे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ सात विकेट की हार के बाद राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच

## कोच संगकारा ने 15 साल के बैटर के लिए कहा ये






कुमार संगकारा ने वैभव को लेकर ऐसा बयान दिया, जिसने भारतीय क्रिकेट जगत में नई चर्चा छेड़ दी है।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगकारा से पूछा गया कि क्या वैभव सूर्यवंशी अब भारतीय सीनियर टीम में पदार्पण के लिए तैयार हैं। इस सवाल पर पूर्व श्रीलंकाई कप्तान ने बिना किसी हिचक के सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

**'वह किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार'**

संगकारा ने कहा, 'मुझे लगता है कि कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार है या नहीं, यह तब तक पूरी तरह पता नहीं चलता जब तक वह मैदान पर उतरकर नहीं खेलता। लेकिन वैभव ने इस आईपीएल में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के खिलाफ जो प्रदर्शन किया है, उसे देखकर मैं कह सकता हूं कि वह किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुझे पूरा विश्वास है कि उसे बहुत जल्द भारतीय टीम से बुलावा मिलेगा।'

**'ओपनिंग साझेदारी की जिम्मेदारी बखूबी निभाई'**

उन्होंने वैभव की बल्लेबाजी की भी जमकर तारीफ की। संगकारा के अनुसार युवा बल्लेबाज ने पूरे सत्र में शानदार परिपक्वता दिखाई और टीम के लिए ओपनिंग साझेदारी की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी राजस्थान रॉयल्स का सपोर्ट स्टाफ वैभव को सही दिशा देने का प्रयास कर रहा है।

**'उसके दिमाग में अनावश्यक बातें नहीं भरते'**

इस पर उन्होंने कहा, 'हमने उसके लिए एक अच्छी योजना तैयार की है। हम उसके दिमाग में अनावश्यक बातें नहीं भरते। वह हमारी सभी टीम मीटिंग्स में शामिल होता है, अपनी राय देता है और ध्यान से सुनता भी है। वह काफी मेहनत करता है, गेंदबाजों का अध्ययन करता है, उनके वीडियो देखता है और मैच से पहले अच्छी तैयारी करता है।

# फ्रेंच ओपन 2026 में खिलाड़ियों की सुरक्षा पर उठे सवाल, चोटिल होकर बाहर हुईं जेनेप सोनमेजें

**नई दिल्ली।** फ्रेंच ओपन में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर विवाद बढ़ गया है, जब जेनेप सोनमेज विज्ञापन बोर्ड से टकराकर चोटिल हो गईं और टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के बाद खिलाड़ियों और फैंस ने कोर्ट के बेहद करीब लगाए गए विज्ञापन ढांचे हटाने की मांग तेज कर दी है।



फ्रेंच ओपन 2026 में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। तुर्किये की टेनिस खिलाड़ी जेनेप सोनमेज महिलाओं के डबल्स मुकाबले के दौरान चोटिल हो गईं, जिसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

मुकाबले के दौरान एक शॉट बचाने की कोशिश में वह बेसलाइन के पीछे लगे लैकोस्टे विज्ञापन बोर्ड से टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि उन्हें तुरंत कोर्ट पर फिजियो की मदद लेनी पड़ी। हालांकि शुरूआती उपचार के बाद उन्होंने खेल जारी रखने की कोशिश की, लेकिन टखने में चोट के कारण आखिरकार उन्हें मैच बीच में छोड़ना पड़ा।

**विज्ञापन बोर्ड और रेन टार्प पर बढ़ा विवाद**

इस घटना के बाद रोलां गैरों में कोर्ट के बेहद करीब लगाए गए विज्ञापन ढांचे और रेन टार्प को लेकर आलोचना तेज हो गई है। इससे पहले बेल्जियम के युवा खिलाड़ी एलेक्जेंडर ब्लॉकक्स भी अभ्यास सत्र के दौरान गेंद का पीछा करते हुए रेन टार्प से टकराकर चोटिल हो गए थे। खिलाड़ियों और फैंस का कहना है कि बारिश की संभावना नहीं होने के बावजूद इन संरचनाओं को कोर्ट के इतना करीब रखना खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रहा है। आलोचकों का आरोप है कि आयोजक खिलाड़ियों की सुरक्षा से ज्यादा ब्रांडिंग और स्पॉन्सर प्रमोशन को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**केटी बोल्टर ने भी उठाई आवाजः** ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बोल्टर ने भी हाल ही में इसी मुद्दे पर आयोजकों की आलोचना की थी। अनास्तासिया पोटापोवा के खिलाफ मुकाबले के दौरान बोल्टर विज्ञापन बोर्ड से टकराकर गिर गई थीं, जिससे उनका रैकेट भी हाथ से छूट गया था। हालांकि बोल्टर को गंभीर चोट नहीं लगी, लेकिन सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर काफी नाराजगी देखने को मिली।

# पंत के कप्तानी छोड़ते ही क्यों ट्रोल हुए संजीव गोयनका

## पुराना वीडियो हो रहा वायरल, लोग उड़ा रहे मजाक



### पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था

दरअसल, पंत को आईपीएल 2025 से पहले लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 27 करोड़ रुपये में शामिल किया था। आईपीएल 2025 से पहले संजीव गोयनका कई पॉडकास्ट में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने पंत को लेकर कई ऐसी बातें कही थीं, जिसका फैंस मजाक बना रहे हैं। फैंस कह रहे हैं, उन शब्दों का अंत गोयनका ने दो सीजन में ही पंत से कप्तानी छीन कर कर दिया। दरअसल, होस्ट जतिन सप्रू को दिए एक इंटरव्यू में संजीव गोयनका ने पंत की तुलना रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी जैसे आईपीएल के सबसे कामयाब कप्तानों से की थी। आईपीएल 2025 से पहले के इस वीडियो में संजीव, पंत को लेकर कहते हैं- ये मेरे हिसाब से कम से कम 12-14 साल लखनऊ के लिए खेलेंगे। तो यह एक सफर है कि 15 साल में चार-पांच या छह आईपीएल ट्रॉफी कैसे जीतना है।'



**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी छोड़ने के बाद टीम मालिक संजीव गोयनका सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। वजह उनके पुराने वीडियो हैं, जिनमें उन्होंने पंत को 10-15 साल का कप्तान और धोनी-रोहित जैसी सफलता हासिल करने वाला खिलाड़ी बताया था। अब फैंस इन बयानों का मजाक उड़ा रहे हैं।

आईपीएल 2026 के दो फाइनलिस्ट मिल चुके हैं। गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स को क्वालिफायर-2 में हराकर फाइनल में जगह बनाई। जहां उनका सामना अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। हालांकि, फाइनल से ज्यादा चर्चा फिलहाल सोशल मीडिया पर ऋषभ पंत के कप्तानी छोड़ने को लेकर हो रही है। पंत ने शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स फ्रेंचाइजी की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। यह फैसला चौंकाने वाला रहा क्योंकि उन्हें पिछले सीजन ही टीम का कप्तान बनाया गया था। दो सीजन में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद ही उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया। हालांकि, ऐसा कहा गया है कि पंत ने खुद ही कप्तानी छोड़ी है, लेकिन एलएसजी का इतिहास कुछ अच्छा नहीं रहा है। केएल राहुल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था।

पंत के कप्तानी छोड़ने के बाद सोशल मीडिया पर फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रहे हैं।

# एशियन गेम्स की टीम से कटा सूर्यकुमार का पत्ता

## BCCI ने तैयार की 30 संभावितों की सूची, वैभव सूर्यवंशी भी शामिल

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की एशियाई खेलों के लिए 30 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची में टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को जगह नहीं मिली है, जिससे उनका खेलना लगभग तय तौर पर खत्म हो गया है। वहीं 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को शामिल कर चयनकताओं ने संकेत दिया है कि उन्हें जल्द भारतीय टीम में मौका मिल सकता है।

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इस वर्ष 19 सितंबर से ऐची-नागोया (जापान) में होने वाले एशियाई खेलों में भारतीय टीम के कप्तान नहीं होंगे। यही नहीं वह इन खेलों की टीम में भी नहीं होंगे। उन्हें बीसीसीआई की ओर से एशियाई खेलों के संभावितों में जगह नहीं दी गई है। वहीं, आईपीएल में अपने बल्ले धूम मचाने वाले 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाने जा रहे हैं। उन्हें संभावितों में जगह मिली है। संभावितों में टी-20 विश्वकप जीतने वाली 15 सदस्यीय टीम के 13 क्रिकेटर शामिल हैं। इनमें सूर्य और सिराज को छोड़ बुमराह, संजू सैमसन, अभिषेक, हार्दिक पंड्या, रिंकू, ईशान जैसे क्रिकेटर हैं। जिसके चलते यह माना जा रहा है कि जापान में भारतीय टीम नए कप्तान की अगुवाई में ज्यादातर मुख्य क्रिकेटरों के दम पर अपने स्वर्ण पदक की रक्षा करने उतरेगी। बीसीसीआई की ओर से दी गई एशियाई खेलों की लांग लिस्ट में श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं। बीसीसीआई जल्द ही इन खेलों के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित करेगा।

वैभव के एशियाड से पहले टीम में आने की संभावना वैभव को भारतीय टीम में शामिल किए जाने की आवाज जोर पकड़ रही है। उन्होंने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से टीम में शामिल होने का दावा भी ठोक दिया है। बीसीसीआई ने एशियाड के संभावितों में उन्हें जगह देकर यह संकेत भी दे दिया है कि वह जल्द टीम में होंगे। हालांकि एशियाड से पहले भारत को आयरलैंड में 26 जून से दो टी-20, जुलाई में इंग्लैंड में पांच टी-20 और तीन वनडे, जिंबाब्वे में 23 जुलाई से तीन टी-20 और श्रीलंका में अगस्त में दो टेस्ट और दो टी-20 खेलने हैं। ऐसे में भारतीय टीम में उनकी जगह एशियाड से पहले इन दौरों में भी बन सकती है।




### संभावितों में 30 क्रिकेटर

सूर्य का एशियाड में नहीं खेलना इस वजह से भी तय है क्योंकि एशियाड की लांग लिस्ट में जिन 30 क्रिकेटरों को बीसीसीआई ने जगह दी है। इन्हीं में से ही 15 सदस्यीय टीम चुनी जा सकेगी। इनसे बाहर के खिलाड़ी चयनकर्ता नहीं चुन पाएंगे। लांग लिस्ट आयोजकों को भेजी जा चुकी है। 2023 में रुतराज गायकवाड़ की कप्तानी में स्वर्ण जीतने वाली टीम के नौ सदस्यों को संभावितों में जगह मिली है। इनमें रुतराज भी हैं।




# सफलता के 40 वर्ष पूरे होने पर गोयल स्टोर पर आयोजित किया गया भंडारा



गाजियाबाद,करंट क्राइम। कविनगर स्थित गोयल स्टोर पर शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। सफलता के 40 वर्ष पूर्ण होने पर एक भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। गोयल परिवार की ओर से नरेश गोयल , अर्चित गोयल ने सभी का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के सम्पादक मनोज गुप्ता, देवेन्द्र हितकारी, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, वीके अग्रवाल, अजय शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एयरपोर्ट पहुंचते ही मिलेगी हर सुविधा एंट्री गेट पर बन रहे हेल्प काउंटर



**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन शुरू होने से पहले यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन एंट्री गेट के पास ही विभिन्न सहायता काउंटर स्थापित कर रहा है, ताकि यात्रियों को परिसर में प्रवेश करने से पहले ही आवश्यक जानकारी और सहायता मिल सके। एयरपोर्ट से पहली घरेलू उड़ान 15 जून को संचालित होने की तैयारी है। इसके मद्देनजर यात्री सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

एयरपोर्ट परिसर में सिक्योरिटी चेकिंग से पहले ही इंक्वायरी काउंटर, पोर्टर कियोस्क, फ्लाइट सूचना केंद्र और अन्य सहायता समेत कुल 10 डेस्क स्थापित किए जा रहे हैं। यहां तैनात कर्मचारी यात्रियों का मार्गदर्शन करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

**बाहर ही मिलेगा खोए सामान का समाधान**

यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट के प्रवेश क्षेत्र में मिसिंग एंड लॉस्ट काउंटर भी बनाया जा रहा है। यदि किसी यात्री का सामान छूट जाता है या खो जाता है, तो उसे जानकारी प्राप्त करने के लिए एयरपोर्ट के भीतर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद संबंधित यात्री को उसका सामान उपलब्ध कराया जाएगा। इससे यात्रियों का समय बचेगा और प्रक्रिया अधिक आसान होगी।

**उड़ानों से पहले शुरू हो जाएंगी सभी सेवाएं**

एयरपोर्ट प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी सहायता काउंटर और सुविधाएं उड़ान संचालन शुरू होने से पहले पूरी तरह सक्रिय हो जाएं। इसके लिए कर्मचारियों की तैनाती और सिस्टम का ट्रायल भी किया जाएगा। प्रबंधन का कहना है कि पहली उड़ान के साथ आने वाले यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए सभी व्यवस्थाएं युद्धस्तर पर पूरी की जा रही हैं। एयरपोर्ट पर आधुनिक और यात्री-केंद्रित सुविधाओं के जरिए यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# 1857 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## 'हिंडन युद्ध' के पराक्रम को किया याद

**- हिंडन नदी के तट पर क्रांतिकारियों ने चकनाचूर किया था अंग्रेजों का घमंड**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 शहीद स्मारक समिति द्वारा आयोजित हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 मई 2026 को शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के पास श्रद्धांजलि, भावांजलि, पुष्पांजलि की गई समिति के अध्यक्ष पंडित रामआसरे शर्मा ने बताया कि हिंडन नदी का ऐतिहासिक युद्ध, जब क्रांतिकारियों ने अंग्रेजो का घमंड चकनाचूर किया 31 मई का दिन भारतीय इतिहास में सदा याद किया जाता रहेगा क्योंकि 30 व 31 मई 1857 को ब्रिटिशकालीन भारत में दुनिया की सबसे प्रशिक्षित अंग्रेजी फौज व भारत के क्रान्तिकारियो की उत्साही सेना का मुकाबला गाजियाबाद में बहती हिंडन नदी के तट पर हुआ था। भावांजलि इस अवसर पर संस्था के महामंत्री पी न गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी संदीप त्यागी रसम, सुनीता बहल, समाज सेविका विनीता पाल, डॉक्टर एन एस तोमर, डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर दिलीप कुमार, डॉ एसके मिश्रा, ए खालिद, डॉ वसीम, डॉ एस के सिकदर, ब्रजन विश्वास, अभिजीत दत्ता, किंकर राय, आलोक चंद शर्मा, डा ऐके जैन, योगेन्द्र बल्हारा, अरुण खाना, सभासद मोदीनगर हरेन्द्र पूर्व सभासद, संतोष दीक्षित , उमेश शर्मा संयोजक आदर्श नगर मोदीनगर, सुरेश सिंह विजय नगर, उत्कर्ष पाण्डे, भावी नेता आदर्श पाण्डे शैंकी, ए खालिद, ए के विश्वास, डॉ मोहित कुमार, संजय, ए के जैन, फरमान अली, श्यामलाल सरकार, बप्पा देव, राम अवतार, अतुल शर्मा, आर पी शर्मा, एन एस तोमर, सपन सिकदर, एसके मलिक, ब्रजन विश्वास, मोमिन, सुबोध त्यागी, वसीम, कृष्ण कुमार, केपी सरकार, सतीश, संजय सिंह, दिलीप कुमार अमेश विश्वास, सैकड़ों देशभक्त मौजूद थे ।

# हापुड़ में भीषण अग्निकांडः तीसरी मंजिल पर लगी आग, मजदूरों का सामान जलकर खाक

**हापुड़।** हापुड़ के राजीव विहार में एक मकान की तीसरी मंजिल पर भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में मजदूरों का सामान जलकर खाक हो गया।

हापुड़ के नगर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बुलंदशहर रोड राजीव विहार मोहल्ले में स्थित एक मकान की तीसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। आग की लपटें देखकर मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

मोहल्ला राजीव विहार में विनोद शर्मा का ओम बिल्डिंग मेटीरियल के नाम से सीमेंट आदि की दुकान व गोदाम है। इसके सामने ही उनका एक मकान है, जिसमें उनके यहां काम करने वाले मजदूर रहते हैं। शनिवार की देर शाम अचानक मकान की तीसरी मंजिल पर स्थित दो कमरों में अचानक आग लग गई। उस दौरान कमरों में कोई मौजूद नहीं था।



आग की लपटें देख मोहल्ले में दहशत फैल गई और लोगों ने उसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर दिया। लोगों की सूचना पर मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारण मजदूरों का सामान जलकर खाक हो गया। इस दौरान मकान में रहने वाले रोते बिलखते नजर आए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है।

# पांच महीने बाद भी उद्योग मार्ग के कायाकल्प का इंतजार

**नोएडा।** सेक्टर-1 गोलचक्कर से सेक्टर-11 झुंडपुरा तिराहे तक स्थित उद्योग मार्ग के सुधार कार्य को अब तक गति नहीं मिल सकी है। नोएडा प्राधिकरण ने जनवरी में एजेंसी का चयन कर लिया था, लेकिन करीब पांच महीने बाद भी सड़क मरम्मत और फुटपाथ सुधार का काम शुरू नहीं हो पाया है। प्राधिकरण की योजना के तहत करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से सड़क की रिसर्फेसिंग, फुटपाथों का सुधार और कुछ स्थानों पर नालों को ढंकने का कार्य किया जाना है। अधिकारियों का कहना है कि बिटुमिन की कमी के कारण परियोजना में देरी हो रही है। हालांकि जल्द काम शुरू कराने का दावा किया जा रहा है।

इससे पहले प्राधिकरण ने वर्ष 2024 व 2025 के आखिर तक उद्योग मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की योजना बनाई थी। प्रस्ताव में सड़क सुधार के साथ बस-ऑटो स्टैंड, भूमिगत बिजली लाइनें, आधुनिक फुटपाथ और अन्य सुविधाएं शामिल थीं। इसके लिए करीब 49 करोड़ रुपये का बजट भी तैयार किया गया था, लेकिन बाद में टेंडर निरस्त कर दिया गया। इसके बाद केवल सड़क और फुटपाथ सुधार की सीमित योजना बनाई गई और एजेंसी का चयन भी कर लिया गया। बावजूद इसके काम शुरू नहीं होने से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को अब परियोजना के जल्द शुरू होने का इंतजार है।

# कई मार्गों पर आज रूट डायवर्जन भारी वाहन का प्रवेश भी वर्जित

**नोएडा।** वीवीआईपी दौरे को देखते हुए कई जगहों पर रविवार को डायवर्जन लागू रहेगा। सुरक्षा और प्रोटोकॉल के मद्देनजर सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक कई प्रमुख मार्गों पर भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहनों के संचालन पर रोक रहेगी। वहीं दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच कुछ स्थानों पर वाहनों का आवागमन कुछ समय के लिए डायवर्ट किया जाएगा।

# एनएच-9 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 12 वर्षीय बालक की मौत

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र के मुंशीनगर धोबीघाट निवासी शकिर (40) अपनी पत्नी शाइस्ता (36), पुत्र सुभान (12) और पुत्री सनाया (9) के साथ बाइक से पिलखुवा से नहटौर (बिजनौर) जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शनिवार सुबह सड़क हादसे में 12 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर बेचैनी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जुट गई। पिलखुवा थाना क्षेत्र के मुंशीनगर धोबीघाट निवासी शकिर (40) अपनी पत्नी शाइस्ता (36), पुत्र सुभान (12) और पुत्री सनाया (9) के साथ बाइक से पिलखुवा से नहटौर (बिजनौर) जा रहे थे। सुबह करीब 7:45 बजे जब वे गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में उप कृषि मंडी के सामने एनएच-9 पर पहुंचा, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुभान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शकिर, शाइस्ता और सनाया घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।




# जाति सूचक लिखे वाहनों पर कब होगा एक्शन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक वालों का कोरम पूरा हो चुका है। अब डेकोरम संभालने पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन हालात यह है कि कुछ अभियान और रात्रि वाले फोटो सेशन के अलावा कोई काम नहीं हो पा रहा है। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि लंबे समय से जाति सूचक लिखे वाहनों पर कोई एक्शन नहीं लिया गया है। जबकि प्रदेश वाले मुखिया का सीधा आदेश है कि इस पर कार्रवाई हो, किसी भी शहर पर कोई भी वाहन जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल न करें लेकिन पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में तो थॉर से लेकर कार तक और ई-रिक्शा से लेकर बाइक तक जाति सूचक शब्दों की भरमार है। देहात के कुछ इलाके तो टॉप पर हैं, तो शहर में भी मामला पूरी तरह हाई है, लेकिन जिस तरीके से ट्रैफिक वाले सिस्टम में लगातार पुलिस के अधिकारियों की संख्या बढ़ रही है, तो पुलिस बल भी बढ़ाया गया है लेकिन कार्रवाई और कार्रवाई का ग्राफ वैसा नजर नहीं आ रहा जैसा होना चाहिए था। उधर सूत्र बता रहे हैं कि अब ट्रैफिक इंस्पेक्टर्स के वाहनों और कार्यालय मिलने की ओर ध्यान दिया जा रहा है। तो सुनने में यह भी आ रहा है कि महिला पुलिस कर्मियों की संख्या फिर बढ़ने पर जोर दिया जाने वाला है। इन सबके बीच जिस तरीके से जाति सूचक लिखे वाहनों पर एक्शन नहीं हो रहा है। उसको लेकर अब पुलिस भी रिएक्शन दिखा सकती है। सुनने में आया है कि जिस तरीके से परिवहन वाले विभाग में ताबड़तोड़ तरीके से तबादले हुए हैं, उसकी कुछ छींटे ट्रैफिक वाले सिस्टम में भी पढ़ सकती हैं। सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों में हत्या वाले मामले आए हैं, उसको लेकर रात वाली मीटिंग में महाराज जी ने कई लोगों को हड़काया है। तो सूत्र यह बता रहे हैं कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अदला-बदली वाली चर्चा चल रही है, वह जल्द शुरू हो सकती है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि सिटी और नदिया पार में तो टू-स्टार सेट कर दिए गए हैं, पर अभी भी देहात वाले जोन में मामला साइलेंट चल रहा है। सुनने में आ रहा है कि आने वाले दिनों में लिस्ट आने के बाद फिर एसीपी स्तर के अधिकारियों की री-पोस्टिंग वाला सिलसिला शुरू होने वाला है। जिसमें कई फेस रेस में आएंगे, तो कई रेस से आउट भी किए जाएंगे। कुल मिलाकर देखना होगा कि खेत वाले थाने की कमान फिर किसको मिलेगी। कुल मिलाकर जाति सूचक लिखे वाहनों पर एक्शन की तैयारी आने वाले दिनों में होनी चाहिए।



# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को दी वीरेन्द्र सारस्वत ने श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि दी गयी। देश के प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन विरेन्द्र सारस्वत ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विरेन्द्र सारस्वत ने कहा कि चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नही अपितु एक विचारधारा का नाम है। एक ऐसे नेता जिनहोंने अपनी पूरी जिंदगी किसानों के सम्मान और किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में बिताई। आज भी चौधरी चरण सिंह देश के करोड़ों किसानों के लिए आदर्श पुरूष हैं। आज की राजनीति के दौर में वो एक मिसाल हैं। एक ऐसे नेता जो ऊंचाईयों पर पहुंचे परन्तु हमेशा अपनी सादगी, ईमानदारी और जनकल्याण की सोच के कारण सम्मानित हुए। देश के विकास में किसानों की भूमिका को तय करने के लिए चौधरी चरण सिंह ने संघर्ष किया। एक ऐसे नेता जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों के कल्याण के लिए लगाया।

**पांच महीने बाद भी उद्योग मार्ग के कायाकल्प का इंतजार**

**नोएडा,करंट क्राइम।** सेक्टर-1 गोलचक्कर से सेक्टर-11 झुंडपुरा तिराहे तक स्थित उद्योग मार्ग के सुधार कार्य को अब तक गति नहीं मिल सकी है। नोएडा प्राधिकरण ने जनवरी में एजेंसी का चयन कर लिया था, लेकिन करीब पांच महीने बाद भी सड़क मरम्मत और फुटपाथ सुधार का काम शुरू नहीं हो पाया है। प्राधिकरण की योजना के तहत करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से सड़क की रिसर्फेसिंग, फुटपाथों का सुधार और कुछ स्थानों पर नालों को ढंकने का कार्य किया जाना है। अधिकारियों का कहना है कि बिटुमिन की कमी के कारण परियोजना में देरी हो रही है। हालांकि जल्द काम शुरू कराने का दावा किया जा रहा है। इससे पहले प्राधिकरण ने वर्ष 2024 व 2025 के आखिर तक उद्योग मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की योजना बनाई थी। प्रस्ताव में सड़क सुधार के साथ बस-ऑटो स्टैंड, भूमिगत बिजली लाइनें, आधुनिक फुटपाथ और अन्य सुविधाएं शामिल थीं।

# भारतीय किसान मजदूर मोर्चा का महंगाई को लेकर प्रदर्शन बैल बुग्गी पर सवार होकर पहुँचे प्रदर्शनकारी




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के सैकड़ों साथी व महिलाएं मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. बबली गुर्जर, महिला विंग अध्यक्ष नीरज प्रजापति व मोर्चा के महासचिव राहुल प्रधान के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बैल बुग्गी में सवार होकर जीटी रोड पर नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, रसोई गैस की बढ़ी कीमतें एवं नीट परीक्षा पेपर लीक व देहात की जर्जर हुई सड़कों की मांग को लेकर तहसील में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और पीडब्ल्यूडी के सक्षम अधिकारी को बुलाने की मांग को लेकर घंटों धरने पर बैठे रहे।

एसडीएम मोदीनगर अजित कुमार सिंह ने प्रदर्शनकारियों की मांग पर पीडब्ल्यूडी के एई को मौके पर बुलाया, जिसके साथ मोर्चा के अध्यक्ष बबली गुर्जर व राहुल प्रधान की काफी नोकझोंक हुई, डॉ. बबली गुर्जर ने बताया कि कई वर्षों से इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग लगातार उठाई जा रही है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी दो साल से बहकाने का काम कर रहे। तमाम जद्दोजेहद के बाद एसडीएम अजित कुमार सिंह के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में तय हुआ कि सोमवार से सड़क पर गड्ढा मुक्ति का कार्य शुरू हो जाएगा। मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सोमवार से काम शुरू नहीं हुआ तो

बुधवार से उसी सड़क पर बैठकर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से नीरज प्रजापति, राहुल प्रधान, निर्दोष खटाना, इस्तकार प्रधान, हरेंदर शर्मा, राहुल जाटव, राज वर्मा, बाबा चौधरी, धर्मपाल प्रधान, प्रशांत भटजन, सहाब सिंह, बिट्टू बड़ायला, सुनील प्रधान, सभासद प्रवीण गुर्जर, सभासद गुलाब सिंह, नवीन जैन, तिलकराज अधाना, बलबीर भड़ाना,देव पंडित, लक्की गूजर, जयप्रकाश शर्मा, परशराम, संजय खटाना, फिरे खटाना सुनीता पिंकी, ललिता, कमलेश व राजेंद्र आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यूथ आईकॉन भाजपा नेता नीरज सिंह की सबसे बड़ी खासियत ये है कि वो हमेशा सामने वाले का सम्मान करते हैं। अपनेपन का भाव ऐसा है कि हर किसी को अपना बना लेते हैं। भंडारे में पहुंचे हैं और आयोजकों के इस पल को खास कर दियाहै अपनी फेसबुक पोस्ट से इस पल को साझा कर दिया है। सादगी सरलता और सहजता के साथ अपनेपन का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 'कोई देश नहीं थोप सकता अपना वर्चस्व'

## अमेरिका की चीन को दो टूक, पीट हेगसेथ ने भारत को बताया ताकतवर देश



**सिंगापुर।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शांगरी-ला संवाद के दौरान भारत की सैन्य क्षमताओं और रणनीतिक महत्व की सराहना की। हेगसेथ ने अमेरिका-भारत रक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय शक्ति संतुलन, चीन के प्रभाव और अमेरिका की दीर्घकालिक सुरक्षा प्राथमिकताओं पर भी अपने विचार रखे।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार को कहा कि भारत एक ताकतवर देश है और अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के पास भारी औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स क्षमता है, जो उसे उच्च-स्तरीय सैन्य अभियानों को बनाए रखने में सक्षम बनाती है।

हेगसेथ ने सिंगापुर में शांगरी-ला संवाद के दौरान प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत खास तौर से हिंद महासागर क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए हुए है। शांगरी-ला संवाद में बोलते हुए उन्होंने जिक्र किया कि भारत उच्च-स्तरीय सैन्य अभियानों को बनाए रखने के लिए भारी औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स क्षमता का निर्माण भी कर रहा है।

**भारत के साथ बढ़ाएंगे सह-उत्पादन : हेगसेथ**

हेगसेथ ने कहा, ₹हमने क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता जताई है।₹ उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने रक्षा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विनिर्माण के विस्तार की प्रक्रिया से गुजर रहा है।

उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, आसियान और ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा-संबंधी संबंधों का भी आकलन किया। हेगसेथ ने क्षेत्र में अमेरिका की रक्षा रणनीति पर कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एशिया-प्रशांत दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इस क्षेत्र की सुरक्षा असंतुलित रूप से अमेरिकी सैन्य शक्ति पर टिकी हुई है। उन्होंने देशों से अपनी रक्षा में गंभीरता से निवेश करने का आह्वान किया।

**चीन को अमेरिका की दो टूक**

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका और चीन के संबंध कई वर्षों में सबसे बेहतर हैं। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चीन सहित कोई भी देश अपना वर्चस्व थोप नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश और सहयोगियों की सुरक्षा पर प्रश्न चिह्न नहीं लगा सकता है।

हेगसेथ ने वैश्विक तनाव, पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों के बीच वॉशिंगटन का रुख बताया। इसके साथ ही इंडो-पैसिफिक में अमेरिका की दीर्घकालिक रणनीतिक प्राथमिकताओं पर बढ़ती अनिश्चितता को भी रेखांकित किया। बता दें कि शांगरी-ला संवाद दूसरे दिन में प्रवेश कर चुका है।

## क्या इस्राइल को देंगे मान्यता

# पाकिस्तानी रिपोर्टर के सवाल पर इशाक डार का चौंकाने वाला रिएक्शन



**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन में इशाक डार और मार्को रूबियो की मुलाकात के दौरान पाकिस्तान द्वारा इस्राइल को मान्यता देने से जुड़े सवाल ने चर्चा बटोरी। दोनों नेताओं ने तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। हालांकि, बाद में डार ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का रुख फलस्तीनी मुद्दे पर पहले जैसा ही बना हुआ है।

वॉशिंगटन में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बीच हुई मुलाकात के दौरान एक रिपोर्टर द्वारा पूछे गए सवाल से माहौल गरमा गया। रिपोर्टर ने पाकिस्तान से इस्राइल को मान्यता देने के बारे में सवाल किया। हालांकि, दोनों नेताओं ने ही इसका जवाब नहीं दिया और आगे बढ़ गए।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई अरब और मुस्लिम देशों से अब्राहम समझौते में शामिल होकर इस्राइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने का आग्रह किया था। यह ईरान संघर्ष को खत्म करने की दिशा में एक संभावित सौदे का हिस्सा माना जा रहा है।

### इस्राइल पर क्या है पाकिस्तान की नीति?

पाकिस्तान ने इस्राइल को देश के तौर पर मान्यता नहीं दी है। इसके साथ ही इस्राइल के साथ उसके कोई राजनयिक संबंध नहीं हैं। वॉशिंगटन में डार और रूबियो की मुलाकात के दौरान द पाकिस्तान डेली के पत्रकार फैसल अली शाह ने ट्रंप की अपील के संबंध में एक सवाल पूछा। उन्होंने जोर से पूछा, ₹क्या पाकिस्तान इजरायल को मान्यता देगा?₹ दोनों नेताओं ने सवाल को अनसुना करते हुए कोई जवाब नहीं दिया।

### डार ने बाद में दिया क्या जवाब?

बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए इशाक डार ने कहा, ₹पाकिस्तान फलस्तीन और गाजा को लेकर अपने रुख पर अडिग है।₹ उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी नीतिगत बदलाव पर विचार करने से पहले इस्राइल को फलस्तीनी राज्य की स्थापना की ओर बढ़ना होगा।

### ट्रंप ने किया था इस्राइल को मान्यता देने का आग्रह

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले कहा था कि उन्होंने सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्किए, मिस्र और जॉर्डन से अब्राहम समझौते में सामूहिक रूप से शामिल होने का आग्रह किया था। इसी के साथ इस्राइल के साथ संबंध सामान्य करने पर भी जोर दिया था, ताकि ईरान संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक सौदे पर काम किया जा सके। पाकिस्तान ने इस सुझाव को अस्वीकार कर दिया। वहीं, अन्य देशों ने अब तक ट्रंप के आह्वान पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब्राहम समझौते को ट्रंप की पहले कार्यकाल के दौरान वॉशिंगटन द्वारा इस्राइल और अरब देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रयास के तहत तैयार किया गया था। संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और मोरक्को ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे इस्राइल के साथ राजनयिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंध खुले। सूडान को भी इसमें शामिल किया गया था, लेकिन उसने अभी तक औपचारिक संबंध स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी नहीं की है।

# पैरों में सूजन और हाथों पर निशान, ट्रंप की मेडिकल रिपोर्ट पर बोले डॉक्टर- राष्ट्रपति पूरी तरह से फिट



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेडिकल जांच में पूरी तरह स्वस्थ पाए गए। हालांकि उनके पैरों में सूजन और हाथों पर निशान है। 22 विशेषज्ञों की निगरानी में यह प्रक्रिया पूरी की गई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उनके डॉक्टर ने कहा है कि मंगलवार को वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुए हेल्थ चेकअप के बाद ट्रंप पूरी तरह स्वस्थ हैं। डॉक्टर के मुताबिक, उनकी सेहत बहुत अच्छी है और वह राष्ट्रपति के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए पूरी तरह फिट हैं। हालांकि अभी भी उनके पैर के निचले हिस्से में हल्की सूजन और हाथ में मामूली चोट के निशान हैं।

### 22 विशेषज्ञों की निगरानी में पूरी हुई प्रक्रिया

डॉ. शॉन बारबेला की ओर से शुक्रवार देर रात एक रिपोर्ट जारी की गई। इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने सीटी स्कैन और अन्य हृदय संबंधी इमेजिंग के साथ कैंसर स्क्रीनिंग और अन्य निवारक आकलन भी करवाए। यह पूरी प्रक्रिया 22 विशेषज्ञों की निगरानी में हुआ। बारबेला के रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रंप के पैर के निचले हिस्से में हल्की सूजन, जिसमें पिछले साल की तुलना में सुधार हुआ है। वहीं, हाथों पर लगातार चोट के निशान का जिक्र किया गया है, जिसे सामान्य बताया गया है।

राष्ट्रपति ट्रंप का मंगलवार को वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर का दौरा किया। यह उनका 13 महीनों में तीसरा दौरा था। इस दौरान उनके स्वस्थ पर बारीकी से नजर रखी गई।

जून में राष्ट्रपति ट्रंप 80 वर्ष के हो जाएगे। वह अक्सर खुद को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की तुलना में अधिक ऊजार्वान और फिट बताते हैं। जिन्होंने साल 82 वर्ष की आयु में राष्ट्रपति का पद छोड़ दिया था।

### डॉक्टर ने क्या कहा?

79 वर्षीय ट्रंप ने मंगलवार को यात्रा के बाद कहा कि सब कुछ बिल्कुल सही रहा। राष्ट्रपति का वजन 238 पाउंड (108 किलोग्राम) था, जो अप्रैल 2025 में हुई मेडिकल जांच से 14 पाउंड (6 किलोग्राम) अधिक था। उनके डॉक्टरों ने उन्हें आहार, शारीरिक गतिविधि और वजन घटाने का सलाह दिया। हालांकि, डॉक्टरों का कहना है कि उनकी मानसिक और शारीरिक क्षमता बेहतरीन है।

## बातचीत और बमबारी साथ-साथः दशकों बाद इस्राइल-लेबनान की सीधी सैन्य वार्ता

**नई दिल्ली।** इस्राइल और लेबनान के बीच जारी संघर्ष के बीच शुक्रवार को इस्राइली सैनिक दक्षिणी लेबनान के दिब्बीन गांव में दाखिल हो गए। इससे उनका अभियान देश के भीतर और आगे बढ़ गया। पांच लोगों की मौत देइर कानौन अल नहर और अब्बासियेह गांवों पर हुए हवाई हमले में हुई, जबकि एब्बा गांव में एक नगरपालिका पुलिसकर्मी की जान चली गई।

**दशकों बाद हुई पहली प्रत्यक्ष सैन्य वार्ता :** उधर, वॉशिंगटन स्थित पेंटागन में लेबनान और इस्राइल के सैन्य अधिकारियों के बीच दशकों बाद पहली प्रत्यक्ष सैन्य वार्ता हुई। छह सदस्यीय लेबनानी सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने इस्राइली अधिकारियों से मुलाकात की। पेंटागन ने वार्ता को सकारात्मक बताया और कहा कि इसमें क्षेत्रीय सुरक्षा व स्थिरता के लिए व्यावहारिक ढांचे तैयार करने पर चर्चा हुई।

## शांगरी-ला संवादः रक्षा सचिव की नीदरलैंड के समकक्ष से मुलाकात, द्विपक्षीय वार्ता में सैन्य सहयोग बढ़ाने पर जोर




**सिंगापुर।** भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को नीदरलैंड के रक्षा प्रमुख ओनो आइचेल्सहाइम से मुलाकात की। दोनों ने द्विपक्षीय वार्ता भी की। तीन दिवसीय शांगरी-ला संवाद के दूसरे दिन यह मुलाकात हुई।

रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क निदेशालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। बताया कि बैठक के दौरान भारत और नीदरलैंड के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के विभिन्न उपायों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने सैन्य आदान-प्रदान कार्यक्रमों और द्विपक्षीय प्रशिक्षण अभ्यासों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

वार्ता में रक्षा क्षेत्र में साझेदारी को और गहरा करने तथा दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच तालमेल और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

इससे पहले राजेश कुमार सिंह ने यूरोपीय बाह्य कार्रवाई सेवा (ईईएएस) की महासचिव बेलेन मार्टिनिज कॉर्नबोनेल और यूरोपीय संघ सैन्य समिति के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल एनरिको बर्दुआनी के साथ भी बातचीत की। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क निदेशालय ने बताया कि इस बैठक में भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक संवाद को आगे बढ़ाया गया। चर्चा में साझा सुरक्षा हितों और रक्षा तथा रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के अवसरों पर विचार-विमर्श हुआ। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर दिया।

29 मई को सिंह ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सैन्य समिति के प्रमुख एडमिरल ज्यूसेपे कैवो ड्रैगन और अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे पैपारो से भी मुलाकात की थी। इस दौरान सैन्य सहयोग बढ़ाने, रणनीतिक बातचीत को मजबूत करने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी मजबूत करने और नई सुरक्षा चुनौतियों से निपटने पर चर्चा हुई थी। सिंगापुर में आयोजित हो रहे शांगरी-ला संवाद में कई देशों के रक्षा मंत्री, सैन्य प्रमुख, और नीति निमार्ता शामिल हुए हैं।

# पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौट रहे शरणार्थियों का ट्रक पलटा, 18 लोगों की मौत



**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में पाकिस्तान से लौट रहे अफगान शरणार्थियों का ट्रक पलट गया। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर बच्चे और पांच महिलाएं शामिल हैं, वहीं, 35 लोग घायल हुए।

पूर्वी अफगानिस्तान में शनिवार एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पाकिस्तान से आ रहे अफगान शरणार्थियों को लेकर जा रहा एक ट्रक राजमार्ग पर पलट गया। इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 35 अन्य घायल हो गए। इसमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी।

**कहां हुआ यह हादसा?**

प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल मलिक नियाजई ने बताया कि यह दुर्घटना अफगानिस्तान की राजधानी काबुल को नंगरहार प्रांत से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर लगमान प्रांत में हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों में 10 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल हैं और घायलों को चिकित्सा उपचार के लिए नांगरहार के अस्पतालों में ले जाया गया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने इस घटना पर दुख जताया है। वहीं, पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

**अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम**

अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम बात हैं, जहां सड़कों का रखरखाव खराब है। वहीं, चालक नियमित रूप से यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। ये यात्री उन हजारों अफगानियों में शामिल थे, जो हाल ही में पाकिस्तान से लौटे हैं। पाकिस्तान ने 2023 में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई शुरू की थी और तब से कई लोगों को निर्वासित कर दिया है या उन्हें देश छोड़ने के लिए दबाव डाला है।

इसी दौरान ईरान ने अफगान प्रवासियों के निष्कासन को भी तेज कर दिया। तब से, लाखों अफगान दोनों देशों से अपने घर लौट चुके हैं, जिनमें से कई पाकिस्तान में पैदा हुए थे और दशकों तक वहीं रहकर काम कर चुके थे।

# चीन के परमाणु हथियार अब US की पहुंच से दूर, सैटेलाइट से खुलासा

## रेगिस्तान में तैयार किया तबाही का सामान



**बीजिंग।** माना जा रहा है कि इस निर्माण का उद्देश्य चीन की परमाणु क्षमता को बढ़ाना और किसी भी संभावित हमले से बचाना है। चीन के रेगिस्तानी क्षेत्रों में हो रहा यह विकास, अमेरिका और बीजिंग के बीच बढ़ती परमाणु प्रतिस्पर्धा को साफ दशार्ता है। खासकर ताइवान की संप्रभुता जैसे मुद्दों पर तनाव बढ़ने के साथ यह और अहम हो गया है।

चीन अपने परमाणु मिसाइल साइलो के पास एक विशाल सैन्य परिसर का निर्माण कर रहा है, जिसने सुरक्षा विशेषज्ञों को चौंका दिया है। उपग्रहों से प्राप्त हालिया तस्वीरों से पता चलता है कि बीजिंग अपने परमाणु मिसाइल साइलो के पास एक विस्तृत नेटवर्क तैयार कर रहा है, जिसमें लॉन्च पैड, बंकर और संचार केंद्र शामिल हैं।

चीन अपने परमाणु मिसाइल साइलो के पास एक विशाल सैन्य परिसर का निर्माण कर रहा है, जिसने सुरक्षा विशेषज्ञों को चौंका दिया है। उपग्रहों से प्राप्त हालिया तस्वीरों से पता चलता है कि बीजिंग अपने परमाणु मिसाइल साइलो के पास एक विस्तृत नेटवर्क तैयार कर रहा है, जिसमें लॉन्च पैड, बंकर और संचार केंद्र शामिल हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट में सैटेलाइट तस्वीरों का हवाला देकर बताया गया है कि चीन दूरदराज के रेगिस्तानी इलाकों में एक विशाल सैन्य ढांचा तैयार कर रहा है। तस्वीरों में परमाणु मिसाइल साइलो के आसपास लॉन्च पैड, बंकर, संचार केंद्र और अन्य सैन्य सुविधाएं दिखाई देती हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यह नेटवर्क चीन की परमाणु क्षमताओं को सुरक्षित रखने और संचालित करने के लिए बनाया जा रहा है। यह नया सैन्य ढांचा मुख्य रूप से शिनजियांग और गांसू प्रांत के इलाकों के पास विकसित किया जा रहा है। इन इलाकों में चीन की लंबी दूरी की परमाणु मिसाइलों के साइलो मौजूद हैं। इन साइलो को चीन की जमीन आधारित परमाणु शक्ति का मुख्य आधार माना जाता है। तस्वीरों में 80 से अधिक ऐसे निर्माण दिखाई देते हैं, जिनका इस्तेमाल मोबाइल मिसाइल लॉन्चर और एयर डिफेंस सिस्टम के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा संभावित इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और कमांड ऑपरेशन से जुड़ी सुविधाएं भी नजर आती हैं। हवाई स्थित पैसिफिक फोरम के एडजंक्ट फेलो अलेक्जेंडर नील ने कहा, ₹हम देख सकते हैं कि यह बुनियादी ढांचा बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है, जो साइलो क्षेत्रों से परे हजारों वर्ग किलोमीटर रेगिस्तान को कवर करता है। उन्होंने कहा कि इसकी वास्तविक क्षमताओं पर बहुत कुछ निर्भर करेगा, लेकिन हम चीन की रणनीतिक परमाणु प्रतिरोधक क्षमता में काफी महत्वपूर्ण वृद्धि और विविधता देख रहे हैं। चीन लंबे समय से न्यूनतम, लेकिन विश्वसनीय परमाणु रक्षा की नीति की बात करता रहा है।

इसका मतलब है कि अगर उस पर पहले परमाणु हमला होता है तो वह जवाबी हमला करने में सक्षम रहे। विशेषज्ञों के अनुसार, साइलो की सुरक्षा इसी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चीन की आधिकारिक नीति 'नो फर्स्ट यूज' की है। यानी वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। हालांकि, कुछ पश्चिमी राजनयिकों और विश्लेषकों का मानना है कि ताइवान को लेकर किसी संघर्ष की स्थिति में चीन परमाणु दबाव की रणनीति अपना सकता है। पूर्वी शिनजियांग में पिछले छह वर्षों के दौरान दो अष्टकोणीय सैन्य प्रतिष्ठान बनाए गए हैं।

## ड्रग तस्करी के शक में अमेरिका ने नाव पर किया हमलाः तीन की मौत, सैन्य अभियान में हताहतों का आंकड़ा 200 के पार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में ड्रग तस्करी के संदेह में एक नौका पर एक और हमला किया। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई, जो इस सप्ताह का तीसरा हमला था। इस कार्रवाई के साथ ही इस अभियान में कुल हताहतों का आंकड़ा 200 से अधिक हो गया है।

अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कैरेबियन सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में संदिग्ध ड्रग नौकाओं के खिलाफ जारी महीनों लंबी कार्रवाई के तहत इस नए हमले का एलान किया। कमान के अनुसार, नौका नशीले पदार्थों की तस्करी में जुड़ी हुई थी और एक बड़े आतंकवादी संगठन द्वारा इस्तेमाल की जा रही थी। हालांकि, इस दावे के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया गया।

**पहली बार जारी किया हमले का रंगीन फुटेज**

सैन्य सोशल मीडिया घोषणाओं में हमेशा हमलों के वीडियो शामिल होते हैं। हालांकि, यह पहली बार है जब रंगीन फुटेज जारी किया गया है, जो पहले काले और सफेद में आता था। वीडियो में समुद्र में एक छोटी नौका को दिखाया गया है, जिस पर हमला होने के बाद वह आग की लपटों में घिर जाती है। इसके बाद नाव आग की लपटों में घिरी हुई दिखाई देती है, जिसके चारों ओर पानी में पार्सल या अन्य वस्तुएं फैली हुई हैं। इस हमले के साथ ही सितंबर की शुरूआत में शुरू हुए अमेरिकी हमलों की श्रृंखला में मरने वालों की संख्या 202 हो गई है। पिछले मंगलवार और बुधवार को भी दो अन्य हमलों की घोषणा की गई थी। ट्रंप प्रशासन ने एलान किया है कि अमेरिका लैटिन अमेरिकी ड्रग कार्टेल के साथ सशस्त्र संघर्ष में है।

# नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, देश को भूखा रख अपनी झूठी शान के लिए खर्च कर रहा भारी रकम

**नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र।** मानवाधिकार उल्लंघन, बलूचिस्तान संकट और अल्पसंख्यकों पर हमलों के आरोपों से घिरा पाकिस्तान अब विदेशी लॉबिस्ट्स के जरिए दुनिया में अपनी छवि सुधारने की कोशिश कर रहा है। आर्थिक संकट से जूझने के बावजूद पाकिस्तान अमेरिका की लॉबिंग कंपनियों पर भारी पैसा खर्च कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट और बढ़ते आतंरिक विरोध ने इस्लामाबाद और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर दबाव बढ़ा दिया है।

आर्थिक संकट, महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा पाकिस्तान अब अपनी खराब होती अंतरराष्ट्रीय छवि को बचाने के लिए विदेशी लॉबिस्ट्स और दबाव समूहों पर भारी पैसा खर्च कर रहा है। दुनिया भर में मानवाधिकार उल्लंघन, अल्पसंख्यकों पर हमले और बलूचिस्तान व खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ते हालात को लेकर पाकिस्तान लगातार सवालों के घेरे में है। इसके बावजूद इस्लामाबाद अपनी जनता की परेशानियों को नजरअंदाज कर विदेशों में अपनी छवि चमकाने में जुटा हुआ है। पाकिस्तान की यह रणनीति अब उसकी दोहरी नीति को भी उजागर कर रही है।

पाकिस्तान लंबे समय से खुद को दुनिया के सामने एक मजबूत देश के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिका के साथ रिश्तों को लेकर भी पाकिस्तान लगातार प्रचार करता रहा है। लेकिन जमीन पर हालात अलग कहानी बताते हैं। पाकिस्तान के भीतर मानवाधिकार उल्लंघन, धार्मिक असहिष्णुता और सेना के खिलाफ बढ़ते गुस्से ने सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सोशल मीडिया के दौर में अब बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा से आने वाली खबरें दुनिया तक तेजी से पहुंच रही हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान अब विदेशी लॉबिंग कंपनियों के जरिए दुनिया का नजरिया बदलने की कोशिश कर रहा है।



### पाकिस्तान को लॉबिस्ट्स की जरूरत क्यों पड़ी?

अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान पहले मानता था कि वह बिना लॉबिस्ट्स के भी अपनी छवि संभाल सकता है। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि उसे दबाव समूहों और विदेशी कंपनियों का सहारा लेना पड़ रहा है। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में लोगों ने सेना और सरकार के खिलाफ खुलकर आवाज उठानी शुरू कर दी है। विकास की कमी, लापता लोगों के मामले और मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। हर बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान से इन मुद्दों पर सवाल पूछे जा रहे हैं। इससे इस्लामाबाद की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पाकिस्तान अब अफगानिस्तान के मुद्दे को भी अपने पक्ष में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान लगातार दावा करता रहा है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी संगठन कर रहे हैं। उसने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी को लेकर भी अफगान तालिबान पर आरोप लगाए हैं।

### अमेरिका में कौन सुधार रहा है पाकिस्तान की छवि

इसी महीने पाकिस्तान ने अमेरिका की लॉबिंग फर्म ह्यएर्विन ग्रेव्स स्ट्रेटजी ग्रुप एलएलसीह्ल के साथ समझौता किया है। इस फर्म को हर महीने 50 हजार डॉलर दिए जाएंगे। इसका काम वॉशिंगटन में पाकिस्तान के पक्ष में माहौल तैयार करना और बड़े नेताओं व नीति निमार्ताओं से संपर्क बनाना होगा। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तान पहले भी कई लॉबिंग कंपनियों के जरिए बैठकों, सेमिनारों और गोलमेज चचाओं का आयोजन कराता रहा है। इन कार्यक्रमों का मकसद दुनिया के सामने पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश करना और देश के भीतर हो रहे गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाना होता है।

## नेपाल : बालेंद्र ने बदली परंपरा, नहीं दिया 19वें गणतंत्र दिवस पर भाषण

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने देश के 19वें गणतंत्र दिवस पर भाषण न देकर 18 साल से चली आ रही परंपरा को बदल दिया। उनकी जगह राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने देश को संबोधित किया। नेपाल के 19वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर काठमांडो के टुंडीखेल में आयोजित एक विशेष समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति पौडेल ने इस बात पर जोर दिया कि जवाबदेही और जनहितकारी को मजबूती देना जरूरी है।

पौडेल ने राजनीतिक दलों, नागरिक समाज और अन्य हितधारकों से संविधान में परिकल्पित सुसंस्कृत और समृद्ध समाज के विकास में योगदान देने का आग्रह किया। संविधान सभा ने 28 मई, 2008 को नेपाल को संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित कर देश में 240 साल पुरानी राजशाही का औपचारिक अंत किया था।

इससे पहले निर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन के इन्कार करने से नेपाली गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य भाषण देने की पीएम की लंबे समय से चली आ रही परंपरा का अंत हो गया।

31 May -26 page 8 30-05-2026 9:55 PM Page 1






# 19 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास, बरसात से पहले बनेंगे बड़े नाले और सड़के

## 17.38 करोड़ रुपये से चार प्रमुख नालों का निर्माण, जलभराव से मिलेगी राहत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में जलभराव और खराब सड़कों की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महापौर सुनीता दयाल ने करीब 19 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें नाला निर्माण, सड़क निर्माण और पार्कों के सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। नगर निगम का दावा है कि अधिकांश कार्य बरसात से पहले पूरे कर लिए जाएंगे, जिससे लाखों नागरिकों को राहत मिलेगी। महापौर ने बताया कि वार्ड 91, 56, 74 और 35 में करीब 17 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बड़े नालों का निर्माण कराया जा रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बारिश के दौरान होने वाले जलभराव को समाप्त करना और शहर की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाना है।

### इन प्रमुख कार्यों का हुआ शिलान्यास :

- कविनगर (वार्ड-91) में केडी-1 से आरडीसी फ्लाईओवर/स्पोर्ट्स प्लाजा तक नाला निर्माण 4.04 करोड़ रुपये।
- चिरंजीव विहार (वार्ड-56) में अंसल मार्केट के सामने सड़क एवं डिवाइडर निर्माण 40 लाख रुपये।
- लोहिया नगर (वार्ड-69) में सड़क एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य 28 लाख रुपये।
- चिरंजीव विहार (वार्ड-56) में डायमंड फ्लाईओवर से मकान संख्या 1/124 तक नाला निर्माण 4.85 करोड़ रुपये।
- वार्ड-35 में त्रिवेणी अलमारी शोरूम से एनएच-9 तक सर्विस रोड, नाला एवं समेकित विकास कार्य 4.14 करोड़ रुपये।
- वसुंधरा सेक्टर-13 से 19 (वार्ड-74) तक मुख्य नाला निर्माण 4.35 करोड़ रुपये।
- नेहरू नगर-3 (वार्ड-96) में पार्क सौंदर्यीकरण 19.96 लाख रुपये।
- गोविंदपुरम (वार्ड-62) में चौधरी चरण सिंह पार्क का सौंदर्यीकरण 68 लाख रुपये।

### चिरंजीव विहार में खत्म होगी वर्षो पुरानी समस्या

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि चिरंजीव विहार के सेक्टर-1, 2, 3 और 4 में हर वर्ष बारिश के दौरान गंभीर जलभराव की स्थिति बन जाती थी। कई बार लोगों के घरों तक पानी पहुंच जाता था। स्थानीय निवासियों और पार्षदों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए नाला निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि वसुंधरा और कविनगर के प्रमुख नाले भी शहर की जल निकासी व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इनके निर्माण से बारिश और रोजमर्रा के पानी की निकासी बेहतर होगी तथा जलभराव की समस्या में कमी आएगी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के अधिकांश प्रमुख नालों की सफाई कराई जा चुकी है और उन्हें अवरोध मुक्त बनाया गया है। साथ ही खराब सड़कों के पुनर्निर्माण और पार्कों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नालों के निर्माण और सफाई कार्यों के पूरा होने के बाद इस बार बरसात में नागरिकों को पहले की तुलना में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद अमित डबास, जीत निगम, नरेश भाटी, मनोज त्यागी, कुलदीप त्यागी, शिवम शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# सफाई मित्रों के वेतन में बढ़ोत्तरी, निगम ने शुरू की प्रक्रिया



- भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत सफाई मित्रों, वाहन चालकों और हेल्परों के वेतन में करीब 2500 रुपये की बढ़ोत्तरी किए जाने पर सहमति बन गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर इस संबंध में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वेतन वृद्धि की जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित नई मजदूरी दरों को लागू करने के लिए निगम से जुड़े वेंडरों को भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बैठक में सफाई मित्रों से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर फैलाए जा रहे भ्रामक संदेशों से सावधान रहने की अपील की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को गुमराह करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बढ़ती गर्मी को देखते हुए सफाई मित्रों को गमछे भी वितरित किए गए।

**प्रमुख बातें ----**

- वेतन में करीब 2500 रुपये की बढ़ोतरी की तैयारी।
- वेंडरों को बढ़ी हुई दरें लागू करने के निर्देश।
- भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर एफआईआर की चेतावनी।
- सफाई मित्रों को गमछे वितरित किए गए।

# गर्मी से राहत का निगम मॉडल, शहर में बन रहे कूलिंग स्टेशन

- राहगीरों को मिल रहा ठंडक का सहारा
- कौशांबी से नवयुग मार्केट तक पांच कूलिंग स्टेशन शुरू, जरूरत के अनुसार और बढ़ेंगे केंद्र




**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच गाजियाबाद नगर निगम ने राहगीरों को राहत देने के लिए शहर में कूलिंग स्टेशन बनाने की पहल तेज कर दी है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सार्वजनिक स्थलों पर बनाए गए ये कूलिंग स्टेशन लोगों को शीतल पेयजल, कूलर और विश्राम की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

नगर निगम का दावा है कि जरूरत के अनुसार इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। लगातार बढ़ रहे तापमान और गर्म हवाओं को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम ने शहरवासियों और राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। निगम की ओर से अस्थायी प्याऊ, ट्रैफिक सिग्नलों पर ग्रीन नेट, नींबू पानी वितरण और कूलिंग स्टेशन जैसी व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं।



जलकल विभाग के महाप्रबंधक कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर कूलिंग स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में कौशांबी बस अड्डा, नया बस अड्डा, नवयुग मार्केट और किराना मंडी सहित पांच स्थानों पर कूलिंग स्टेशन तैयार होकर लोगों को सुविधा दे रहे हैं। वहीं विजय नगर क्षेत्र में भी नया कूलिंग स्टेशन बनाने के लिए स्थान चयन की प्रक्रिया चल रही है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि कूलिंग स्टेशनों में बैठने के लिए बेंच, शीतल पेयजल और कूलर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा चारों ओर लगाई गई सूखी घास को ठंडा बनाए रखने के लिए पाइपलाइन से पानी की व्यवस्था भी की गई है, जिससे अंदर का तापमान अपेक्षाकृत कम रहता है। तेज धूप और लू से बचने के लिए बड़ी संख्या में राहगीर इन केंद्रों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए कूलिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं, ताकि आमजन को अधिकतम राहत मिल सके।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, 20 हजार रुपये का जुर्माना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण मामले में नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को अदालत ने कठोर सजा सुनाई है।

थाना साहिबाबाद में वर्ष 2024 में दर्ज पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म से संबंधित मुकदमे में सुनवाई पूरी होने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-3, गाजियाबाद ने आरोपी नदीम को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला 19 फरवरी 2024 का है, जब आरोपी के खिलाफ एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में थाना साहिबाबाद में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कन्विक्शन सेल, विवेचक तत्कालीन थाना प्रभारी अजय चौधरी, विशेष लोक अभियोजक सतीश कुमार शर्मा की प्रभावी पैरवी और समन्वय के चलते न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई।


सीपी गाजियाबाद का कहना है कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को न्यायालय से कड़ी सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी की जा रही है।

# रामा हाईट्स में एओए पदाधिकारियों पर हमला, लूट का आरोप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित रामा हाईट्स सोसायटी में आरडब्ल्यूए सचिव हेमंत त्यागी और अध्यक्ष राघवेन्द्र राय पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों ने नंदग्राम थाने में शिकायत देकर अरुण कौशिक, रविन्द्र कुमार शर्मा, ब्रजेश कुमार शर्मा समेत अन्य लोगों पर फ्लैट में जबरन घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, लिफ्ट की तकनीकी जांच को लेकर विवाद के बाद आरोपियों ने लोहे की रॉड, बॉक्सर और डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ितों ने सोने की चेन छीनने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस से मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है।

# नम आंखों के बीच दी अंतिम विदाई, डॉ. अनिल तोमर के पिता आरपी तोमर पंचतत्व में विलीन


स्व० आरपी तोमर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वरिष्ठ चिकित्सक, समाजसेवी एवं लेखक डॉ. अनिल तोमर और समाजसेवी सुधीर तोमर के पिता आरपी तोमर का बीती रात निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार सुबह हिंडन स्थित श्मशान घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और परिचितों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



बताया गया कि आरपी तोमर केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। प्रशासनिक सेवा में रहते हुए उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। पिछले काफी समय से वे अस्वस्थ चल रहे थे और उपचाराधीन थे। बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

उनके निधन की सूचना मिलते ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों से लोगों का उनके निवास पर पहुंचना शुरू हो गया। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। सभी ने आरपी तोमर के व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शहर के अनेक सामाजिक, राजनीतिक और चिकित्सकीय संगठनों ने भी आरपी तोमर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन को समाज और परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया है।

# इंटरनेशनल पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंटरनेशनल पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव घंटाघर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हिंडन किनारे स्थित सांई उपवन के पास मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, मुरादनगर थानाक्षेत्र के बसंतपुर सेथली निवासी चिराग त्यागी दिल्ली के एक स्टेडियम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से खेल जगत और क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।

# वसुंधरा में दूषित पानी से हाहाकार, जोनल कार्यालय घेराव की चेतावनी

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में लगातार दूषित पानी की शिकायतें बढ़ रही है। विधायक कालोनी, वैशाली सेक्टर-4 और अभयखंड के बाद वसुंधरा में भी दूषित पेयजल की शिकायत लोगों ने की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि 15 दिन से दूषित पानी घरों में आ रहा है। ऐसे में लोग बीमार पड़ रहे हैं और बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। लोगों ने वसुंधरा जोनल कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी है। वसुंधरा सेक्टर-4 मनोकामना अपार्टमेंट में एओए के सचिव नितिन भारद्वाज ने बताया कि जलकल विभाग के अवर अभियंता को मौखिक और लिखित में शिकायत दी है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया।

# सूरजमल स्मारक शिक्षण संस्थान ने केंद्रीय और राज्य प्रशासन में चयनित अभ्यर्थियों को किया सम्मानित




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सूरजमल स्मारक शिक्षण संस्थान ने केंद्रीय और राज्य प्रशासनिक सेवाओं में चयनित 40 से अधिक अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में चयनित युवाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार सरोहा, अध्यक्ष कप्तान सिंह, सचिन चौधरी, अजीत सिंह, करनैल सिंह और पार्षद विनय चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना और उन्हें सही मार्गदर्शन देना है। चयनित अभ्यर्थियों की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है।

मुख्य अतिथि अशोक कुमार ने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से देश सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। अध्यक्ष कप्तान सिंह ने बताया कि संस्थान आगे भी प्रतिभाशाली छात्रों को निशुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन देता रहेगा।

सम्मानित हुए अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और संस्थान के शिक्षकों का आभार जताया। पार्षद विनय चौधरी ने सभी चयनित युवाओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शाश्वत निशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों को मिला दर्द से आराम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को मेरठ रोड स्थित गुलधर मेट्रो रेलवे स्टेशन की निकट के पी जी फार्म हाउस पर शाश्वत चिकित्सा शिविर का निशुल्क कैंप लगाया गया जिसमें सैकड़ों मरीजों ने भाग लिया भाग चिकित्सा भक्ति प्रकाश महाराज ने अपनी विद्या से सैकड़ो मरीजों को उनके घुटनों के दर्द कमर दर्द सर्वाइकल आदि से छुटकारा दिलवाया शिविर में रुड़की ,दिल्ली ,पंजाब के अतिरिक्त निकट गाजियाबाद से भी अनेक मरीज आए थे उनका भक्ति प्रकाश महाराज ने शाश्वत चिकित्सा पद्धति के द्वारा हड्डियों की सेटिंग करके उनका दर्द से मुक्ति दिलाई देवेंद्र हितकारी ने बताया कि कुछ मरीज पिछले रविवार को आयोजित कैंप में आये थे जिनको एक हफ्ते मेंबहुत लाभ मिला था।



वह इस बार दोबारा शिविर में आए और उन्होंने अपना अनुभव शेयर किया कि हमें दर्द से बहुत ज्यादा आराम हुआ है शास्त्री नगर की हितेश गर्ग, सेक्टर 23 की हेमलता बंसल, राजनगर एक्सटेंशन राजबाला ने बताया कि उनकी पिछले एक हफ्ते से दर्द में बहुत ज्यादा आराम है कार्यक्रम के आयोजन डॉक्टर केपी गुप्ता ने स्वामी का अभिनंदन किया तथा वीके अग्रवाल ने मुख्य सहायक मोहन जोशी एवं निगम को पुष्पहार में अंग वस्त्र भेंट गया। इस अवसर पर राजनगर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डी सी गोयल सहित अंजू गर्ग आंचल गोयल,हर्ष गर्ग राजीव मोहन साठे ग्रुप आदि मौजूद रहे।

वीके अग्रवाल ने बताया कि इलाज करने की उपरांत लोकेश सिंगल, हेमंत कैंसिल, कल्पना कंशल, गौरव गोयल, हरज्ञान सिसोदिया,राकेश गुप्ता,रानी सचदेवा, हरिओम त्यागी, शाश्वत चिकित्सा शिविर में महाराज से इलाज करने के उपरांत बताया कि उन्हें दर्द से बहुत ज्यादा राहत मिली है। जैन अध्यक्ष लोहा मंडी ,डॉ बीके शर्मा हनुमान अतिथियों का अभिनंदन किया। वीके अग्रवाल ने बताया कि इलाज करने की उपरांत लोकेश सिंगल, हेमंत कैंसिल, कल्पना कंशल, गौरव गोयल, हरज्ञान सिसोदिया,राकेश गुप्ता,रानी सचदेवा, हरिओम त्यागी, शाश्वत चिकित्सा शिविर में महाराज से इलाज करने के उपरांत बताया कि उन्हें दर्द से बहुत ज्यादा राहत मिली है।

# लोनी में डेयरी संचालक रहस्यमय ढंग से लापता

## अंडरपास से मिली बाइक और सात खोखे, अपहरण की आशंका से ग्रामीणों में आक्रोश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रोनिका सिटी और लोनी थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित खड़खड़ी रेलवे अंडरपास के पास शनिवार सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया। गनौली गांव निवासी डेयरी संचालक ओमकार (45) संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। घटनास्थल से उनकी बाइक, चप्पल और सात खाली कारतूस बरामद होने के बाद स्वजन ने अपहरण के साथ अनहोनी की आशंका जताई है।




परिजनों के अनुसार ओमकार सुबह करीब सात बजे बाइक से पशुओं के लिए खल-चूरी खरीदने निकले थे। कुछ देर बाद किसी परिचित ने परिवार को सूचना दी कि खड़खड़ी अंडरपास के नीचे कुछ लोग ओमकार के साथ मारपीट कर रहे हैं। सूचना मिलते ही स्वजन पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे, लेकिन वहां ओमकार नहीं मिले। मौके पर उनकी बाइक, चप्पल और सात खाली कारतूस पड़े मिले, जिससे मामला और रहस्यमय हो गया। घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। हालात की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सिटी, एसीपी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

परिजनों और ग्रामीणों ने ओमकार की जल्द बरामदगी की मांग को लेकर सड़क पर धरना शुरू कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कराया गया।

परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों से उनका पुराना विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि 22 मई को भी ओमकार के पुत्र देवा के साथ कथित आरोपितों ने मारपीट का प्रयास किया था। इसके बावजूद समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब ओमकार के लापता होने के बाद ग्रामीण पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी ओमकार का कोई सुराग नहीं लगने से क्षेत्र में तनाव और चिंता का माहौल है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ओमकार का पता नहीं चलता और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, उनका विरोध जारी रहेगा।

# लापरवाही पर गिरी गाज, चिरौड़ी चौकी प्रभारी निलंबित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेन्द्र तिवारी ने कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चिरौड़ी चौकी प्रभारी, थाना लोनी के उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह को निलंबित कर दिया है। जांच में प्रथम दृष्टया ड्यूटी के प्रति शिथिलता और कार्य में लापरवाही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। डीसीपी ग्रामीण ने स्पष्ट किया है कि पुलिस कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।